

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 299

ग्वालियर, गुरुवार, 23 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

राजगढ़ जिले की महिला को रेप का झूठा मामला दर्ज कराना महंगा पड़ा

राजगढ़। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में एक महिला को दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज कराना महंगा पड़ गया है। न्यायालय ने महिला को 10 साल की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक करीब 13 साल पहले जीरापुर थाने में एक महिला ने चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई में महिला ने दुष्कर्म न होने की बात कही और मामला आपसी विवाद का बताया तो द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीष राघवेंद्र श्रीवास्तव ने आरोपियों को दोष मुक्त करते हुए महिला को 10 साल की सजा सुनाई। बताया गया है कि वर्ष 2008 में महिला ने जीरापुर थाने में चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत की थी। इस मामले की न्यायालय में सुनवाई के दौरान महिला अपने आरोपों से पलट गई और उसने शिकायत की वजह जमीन विवाद बताया। न्यायालय ने महिला को अपना पक्ष रखने का दो बार मौका दिया, मगर महिला ने दुष्कर्म की वारदात से इंकार कर दिया। महिला द्वारा दुष्कर्म की बात नकारे जाने के बाद आरोपियों को दोष मुक्त कर महिला पर अभियाग चलाया गया। इसके बाद महिला को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा और दो हजार का अर्थदंड लगाया हैं। जीरापुर के थाना प्रभारी जेएस मंडोविया ने बताया है कि जब महिला ने रिपोर्ट लिखाई थी तब दो लोगों की गिरफ्तारी हुई थी और बाद में दो पर कार्रवाई हुई। बाद में महिला साक्ष्य नहीं दे पाई।

महाराष्ट्र में लंबे इंतजार के बाद खुले स्कूल फिर बंद होने के आसार

मुंबई। महाराष्ट्र में लंबे इंतजार के बाद खुले स्कूल अब फिर से बंद होने की संभावना है। महाराष्ट्र में ओमिक्रॉन पर राज्य की स्कूल शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ऐसा जल्द हो सकता है। उन्होंने कहा मामले बढ़ते रहे तो सरकार स्कूलों को फिर से बंद करने का फैसला ले सकती है। देश में 224 ओमिक्रॉन मामलों के कुल केस लोड में से 54 महाराष्ट्र से हैं। हालांकि, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 57 मामले हैं। जिसके साथ ही महाराष्ट्र ओमिक्रॉन के मामलों में देश भर में दूसरे नंबर पर है। गायकवाड़ ने कहा कि फिलहाल हम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। राज्य में हाल ही में स्कूल फिर से खुले हैं। मुंबई में 16 दिसंबर से प्राथमिक कक्षा के छात्रों को स्कूल आने की अनुमति दी गई थी। चंडीगढ़ राज्य ने भी बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए स्कूल बंद करने का फैसला लिया है। इसके अलावा महाराष्ट्र में 2022 बोर्ड परीक्षाओं की डेट्स भी जारी कर दी हैं। ऐसे में कोरोना के खतरे से स्कूल बंद होने पर बच्चों की पढ़ाई को नुकसान होना तय है।

अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे वॉडीसूट पहने आई एयरपोर्ट पर दिखाई दी

मुंबई। अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे अपनी बोल्ड और न्यूड फोटोज के कारण चर्चा में रहती हैं। हाल ही में इन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर अलग अंदाज में देखा गया।फोटो में पूनम पांडे ऊपर से लेकर नीचे तक बॉडीसूट में ढकी नजर आईं। पूनम पांडे की इस ड्रेस पर यूजर्स कॉमेंट करने लगे हैं। पूनम की इन फोटोज पर यूजर्स एक के बाद एक कॉमेंट कर रहे हैं।यूजर ने लिखा, क्रिसमस बेस्ट क्या है? बॉडी वॉमर पहनने से कोई स्टाइलिश नहीं हो जाता। एक और यूजर ने लिखा, स्विमिंग आउटफिट, वह भी एयरपोर्ट पर? एक और यूजर ने लिखा, सस्ते का किम कर्दाशियां। पूनम पांडे अपनी पर्सनल लाइफ के कारण भी सुर्खियों में रही हैं। दरअसल, इन्होंने बॉयफ्रेंड सैम बॉम्बे संग शादी रचाई थी, जिसके बाद उन्होंने सैम पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था और वह इसके लिए गिरफ्तार भी हुए थे। कहा जा रहा था कि पूनम पांडे इसके चलते अस्पताल में भर्ती हुई थीं। उनके सिर, चेहरे और आंख में काफी चोट आई थी।मुंबई पुलिस केस की जांच कर रही थी। पुलिस का कहना था कि सैम बॉम्बे के खिलाफ केस रजिस्टर कर लिया गया है।उनपर आईपीसी की कई धराएं लगी हैं।

देश में काम कर रही चीनी मोबाइल कंपनियों के ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। चीनी मोबाइल कंपनियों पर इनकम टैक्स के क्रैकडाउन की खबर आई है। जानकारी है कि आयकर विभाग पूरे देश में चाइनीज मोबाइल कंपनियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रहा है। खबर है कि देश के कई बड़े शहरों में स्थित चाइनीज कंपनियों के ठिकानों पर छापेमारी जारी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने जानकारी दी थी कि आयकर विभाग ने चीनी मोबाइल फोन निर्माताओं से जुड़ी इकाइयों के खिलाफ कर चोरी के आरोप में विभिन्न राज्यों में छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एनसीआर और दक्षिण के कुछ राज्यों में स्थित परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। आयकर विभाग की कार्रवार बुधवार की सुबह 9 बजे से शुरू हुई है।विभाग दिल्ली,नोएडा, गुरुग्राम,मुंबई, हैदराबाद और बैंगलोर में छापेमारी कर रहा है।

टीका लगवाना अपनी मर्जी की बात नहीं, अब यह सामाजिक जिम्मेदारी है

वेंटीलेटर पर जाने से अच्छा है कोरोना की वैक्सीन लगवाना: मुख्यमंत्री चौहान

टीका नहीं लगवाने के लापरवाह व्यवहार से दूसरों का जीवन खतरे में नहीं डाले

कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए सावधानियाँ अपनाना जरूरी

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वेंटीलेटर पर जाने से अच्छा कोरोना की वैक्सीन लगवाना है। मास्क पहनना, सामाजिक दूरी का पालन करना और टीका लगवाना अपनी मर्जी की बात नहीं रही है। अब यह व्यक्ति की सामाजिक जिम्मेदारी है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हम अपने लापरवाह व्यवहार से दूसरे व्यक्तियों का जीवन खतरे में नहीं डाले। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर से अमेरिका, इंग्लैंड तथा यूरोप के कई देश प्रभावित हो रहे हैं। अमेरिका में कोरोना से मरने वालों की संख्या आठ लाख से अधिक हो गई है। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए सावधानी जरूरी है। कोरोना की पहली और दूसरी लहर में हम सबने अपनों को खोया है। तीसरी लहर के संकट को देखते हुए यह जरूरी है कि हम जल्दी सतर्क हो जाएँ। मास्क लगाएँ, सामाजिक दूरी का पालन करें और सबसे अधिक महत्वपूर्ण है कि कोविड का टीका आवश्यक रूप से लगवाएँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान टीकाकरण महाअभियान में भोपाल बरखेड़ी स्थित रशीदिया स्कूल में स्थापित टीकाकरण केन्द्र का जायजा ले रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने टीकाकरण केन्द्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा टीकाकरण के लिए आए व्यक्तियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने टीकाकरण केन्द्र पर मोहम्मद आलिम कुरैशी को टीकाकरण के उपरांत आई.एम. वैक्सीनेटेड का चिन्ह भी लगाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान की उपस्थिति में शाला परिसर स्थित शासकीय आदर्श आवासीय कन्या संस्कृत विद्यालय (गार्गी) भोपलम् की छात्राओं द्वारा स्वस्ति-वाचन किया गया। पूर्व मंत्री रामपाल सिंह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में अब तक 9 करोड़ 91 लाख वैक्सीन डोज़ लग चुके हैं। यदि प्रदेशवासी थोड़ा और जागरूक एवं सक्रिय रहकर टीकाकरण के लिए आगे आएंगे तो प्रदेश के सभी पात्र भाई-बहनों को सुरक्षा चक्र उपलब्ध कराने में हम सफल होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुका है कि टीकाकरण जिन्दगी बचाने में कारगर है।

गोवा में केजरीवाल का दावा, भ्रष्ट्राचार करने पर विधायक को भी बख्शा नहीं जाएगा

पणजी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गोवा में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में यदि आप सत्ता में आती हैं, तब राज्य में भ्रष्टाचार

मुक्त और ईमानदार' सरकार देगी। केजरीवाल ने कहा कि आप की दिल्ली सरकार के पिछले रिकॉर्ड के आधार पर यह गारंटी दी गई है जहां उसके ही मंत्री को दुकानदार से रिश्वत मांगने के आरोप में पद से हटा दिया गया था।केजरीवाल ने कहा कि यदि मंत्री या विधायक रिश्वत मांगते मिलते हैं,तब उन्हें दंड से बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने दावा किया, हम गोवा में पहली भ्रष्टाचार मुक्त और ईमानदार सरकार दे सकते हैं। केजरीवाल ने कहा कि अगर आप गोवा में सत्ता में आती है,तब उसकी सरकार घर-घर जाकर सेवाएं मुहैया कराकर छोटे स्तर के भ्रष्टाचार को खत्म करेगी। उन्होंने कहा,हमारी सरकार ने पहले ही दिल्ली में सेवाओं को घर पर मुहैया कराना शुरू कर दिया है। सभी सरकारी सेवाएं आपके दरवाजे पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकारी अधिकारी दस्तावेज लेने के लिए आवेदक के आवास पर जाते हैं और इसी तरह की व्यवस्था गोवा में भी शुरू होगी। उन्होंने कहा, आपके पंचायत के काम से लेकर मुख्यमंत्री से सहायता तक, सब कुछ आपके दरवाजे पर उपलब्ध होगा।

शीना बोरा को जिंदा देखने वाली महिला अपना बयान दर्ज करने को तैयार

नई दिल्ली। इंद्राणी मुखर्जी की वकील ने बुधवार को कहा कि जिस महिला ने बताया हैं कि उसने जम्मू-कश्मीर में शीना बोरा को जिंदा देखा है, वह अपना बयान दर्ज कराने को तैयार है।वकील ने बताया कि महिला ने 24 जून को डल झील के पास शीना बोरा से मिलने का दावा किया है। वकील ने कहा,%हम निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को निर्देश देने के लिए कोर्ट में एक अर्जी दाखिल करने वाले है। छह साल पुराने मामले में इंद्राणी मुखर्जी को 2015 में अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।वहीं इंद्राणी ने इस बीच सीबीआई को पत्र लिखकर दावा किया है कि शीना जीवित है। अपने पत्र में, दावा किया कि एक महिला सरकारी अधिकारी ने उस बताया कि उसने शीना को देखा है। सीबीआई ने 2015 में मामले को अपने हाथ में लेकर अपनी जांच पूरी कर ली है। सीबीआई इंद्राणी मुखर्जी के पत्र को गंभीरता से नहीं ले रही है, क्योंकि वे इस केवल मामले को लंबा खींचने के प्रयास के रूप में देख रही है। सीबीआई ने पहले ही अपनी जांच पूरी कर निष्कर्ष निकाला है, कि इंद्राणी ने 2012 में अपने ड्राइवर श्यामवर राय और दूसरे पति संजीव खन्ना की मदद से अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या कर दी थी। इंद्राणी ने पीटर मुखर्जी के बेटे राहुल मुखर्जी के साथ शीना के रिश्ते को मंजूरी नहीं दी।

दिल्ली में ओमीक्रोन ने पकड़ी रफ्तार, विशेषज्ञों ने कहा नहीं संभले तो बेकाबू हो जाएंगे हालात



नई दिल्ली। कोरोना के नए वेरिएंट का पता लगाने के लिए दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज(आईएलबीएस), लोक नायक अस्पताल और एनसीडीसी में जीनोम सीक्वेंसिंग की जा रही है। जीनोम जांच में जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उनके आधार पर कहा जा सकता है कि दिल्ली में धीरे-धीरे ओमीक्रोन वेरिएंट तेजी से पांव पसारने लगा है। अगर यह ट्रेंड जारी रहा, तो ओमीक्रोन का शिकंजा कसता जाएगा। दिल्ली आपदा प्रबंधन अथॉरिटी (डीडीएमए) की 20 दिसंबर को हुई मीटिंग में 320 नमूनों की जीनोम सीक्वेंसिंग की रिपोर्ट रखी गई, जिसमें सामने आया कि 49 फीसदी नमूनों में डेल्टा वेरिएंट मिला है, जबकि 11 फीसदी नमूनों में ओमीक्रोन वेरिएंट की पुष्टि हुई है और 40 फीसदी नमूनों में कोविड के दूसरे वेरिएंट सामने आए हैं। जबकि 29 नवंबर को डीडीएमए की मीटिंग में जो रिपोर्ट रखी गई थी, उसमें 90 फीसदी से ज्यादा नमूनों में डेल्टा वेरिएंट बताया गया था और उस रिपोर्ट में ओमीक्रोन वेरिएंट के किसी केस का जिक्र नहीं था।

राफेल डील में देरी बर्दाश्त नहीं, भारत ने ऑफसेट में देरी के लिए दसॉल्ट पर लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। भारत ने 36 फ्रांसीसी राफेल लड़ाकू विमानों के लिए 7.8 अरब यूरो के सौदे में ऑफसेट प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में देरी के लिए जुर्माना लगाया है। डिफ्रॉल्ट आयुध की बड़ी कंपनियों पर शिकंजा कसने के लिए बनायी गई नई नीति के तहत यह कार्रवाई की गई है। शीर्ष रक्षा सूत्रों ने कहा कि मिसाइल निर्माता एमबीडीए से जुर्माना लगाया गया है, जो दसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित राफेल जेट के लिए हथियार पैकेज आपूर्तिकर्ता है। भारत ने फ्रांस के साथ समझौते और हथियारों के लिए आपूर्ति प्रोटोकॉल के अलावा, दसॉल्ट के साथ एक बड़ा ऑफसेट अनुबंध और अपने सहयोगी एमबीडीए के साथ एक छोटा अनुबंध भी किया था। सौदे के तहत, अनुबंध मूल्य का 50 फीसदी (लगभग 30,000 करोड़) भारत को

ऑफसेट या पुनः निवेश के रूप में वापस गिरवी रखना होगा। एक सूत्र ने कहा एमबीडीए पर सितंबर 2019-सितंबर 2020 से पहले लागू वर्ष के लिए अपने ऑफसेट दायित्वों का निर्वहन करने में चूक के बाद जुर्माना लगाया गया है। सीएजी की एक रिपोर्ट ने इस तथ्य की आलोचना की थी कि राफेल सौदे में ऑफसेट का अधिकतम निर्वहन-एमबीडीए द्वारा 57 फीसदी और दसॉल्ट द्वारा 58 फीसदी केवल सातवें वर्ष (2023) के लिए निर्धारित है। किसी विशेष वर्ष में ऑफसेट के निर्वहन में 5 फीसदी की कमी को दंड के रूप में एकत्र किया जा रहा है। एमबीडीए पर लगाया गया जुर्माना कथित तौर पर 10 लाख यूरो से कम है। सूत्र ने कहा इस मामले की फिर से जांच की जाएगी। हालांकि एमबीडीए ने जुर्माने का भुगतान कर दिया है।





न्यूज़ ट्रैक....

सीमित ओवरों में सफलता का कौशल सीखना है: जैमीसन

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने कहा है कि भारत के खिलाफ हुई सीरीज में अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय अनुभवी गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी को दिया है। टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड की ओर से सबसे कम 9 टेस्ट मैचों में 50 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में सफलता के लिए जिस कौशल की जरुरत होती है वह उन्हें अभी सीखना है और लंबा सफर तय करना है। जैमीसन ने कहा कि मैं अपने खेल में जहां हूं वहां से अब करियर में काफी लंबा सफर तय करना है। अभी मुझे बहुत कुछ सीखना है। भारत के खिलाफ पांच टेस्ट में 22 सहित 10 टेस्ट मैचों में कुल 52 विकेट लेने वाले इस तेज गेंदबाज ने कहा कि क्रिकेट में क्या होने वाला है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता पर सफल होने के लिए मुझे अपने खेल में लगातार सुधार करना होगा। कई बार एक कदम पीछे लेकर अपने कौशल में सुधार करना होता है। हमें आने वाले दिनों में आईसीसी टूर्नामेंटों को जीतना होगा। भारत के खिलाफ शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं कई बार भाग्यशाली रहा हूं और उन पांच (टेस्ट) मैचों में से तीन मुकाबले मैंने अनुकूल परिस्थितियों में खेले हैं। मैंने हमेशा कहा है कि मैं अपने को भाग्यशाली समझता हूं कि अनुभवी बोल्ट, साउदी और नील वैगनर जैसे खिलाड़ियों के साथ मुझे खेलने का अवसर मिला है। जब हम घर पर खेलते हैं, तो हमारी टीम में अक्सर चार तेज गेंदबाज होते है और अन्य तीन गेंदबाजों की मेहनत का फल मुझे मिलता है।

भारतीय टेनिस में प्रतिभाओं की कमी दूर करेंगे : राजपाल

नई दिल्ली। भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान रोहित राजपाल को उम्मीद है कि वह कोच जीशान अली के साथ राष्ट्रीय टेनिस केंद्र में नये खिलाड़ियों को निखारने में सफल रहेंगे। राजपाल ने माना है कि भारतीय टेनिस में युवा और कुशल खिलाड़ियों की कमी है। इसके लिए वह नए खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं। इसके लिए लॉन टेनिस संघ में कार्य शुरु हो गया है। इस कायक्रम का लक्ष्य जूनियर खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के साथ ही सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराना है। पुरुष एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 का एक भी भारतीय खिलाड़ी नहीं है और सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी 27 वर्षीय रामकुमार रामनाथन हैं, जिन्हें एटीपी तालिका में 184वें स्थान पर रखा गया है। प्रजनेश गुणेश्वरन 32 साल के हैं, जबकि रोहन बोपन्ना 41 साल के हो चुके हैं। युकी भांबरी 29 वर्ष के हैं पर वह फिटनेस के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में भारत के पास अगली पीढ़ी का कोई डेविस कप खिलाड़ी नजर नहीं आता है।

अकरम के पसंदीदा खिलाड़ियों में विराट आजम सहित चार क्रिकेटर शामिल

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम के चार पसंदीदा खिलाड़ियों में विराट कोहली , बाबर आजम सहित चार खिलाड़ी शामिल हैं पर हैरानी की बात है कि इसमें रोहित शर्मा शामिल नहीं हैं। अकरम ने अपने एक बयान में कहा है कि आजम इस समय विश्व क्रिकेट के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं। अकरम ने पाक कप्तान आजम के खेल की जमकर तारीफ करते हुए कहा, %बाबर अपने प्रदर्शन के दम पर अब विश्व क्रिकेट की फैब-4 लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इस सूची में विराट कोहली, डेविड वॉर्नर, जो रूट और अब बाबर आजम शामिल हैं। विराट इसमें अभी भी आजम से आगे है। अकरम ने आजम की तारीफ करते हुए कहा था कि 21वां सदी में बाबर आजम का ही दबदबा रहेगा। अकरम ने पाक कप्तान को कई महान खिलाड़ियों की श्रेणी में रखा है। अकरम का मानना है कि बाबर अभी सिर्फ 27 साल के हैं और उनमें अभी काफी क्रिकेट शेष है और वो आगे चलकर और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। अकरम ने आजम की बल्लेबाजी की तुलना कई महान पाकिस्तानी बल्लेबाजों से की है। अकरम ने कहा, जब पाक टीम की बल्लेबाजी की बात करते हैं उसमें दिग्गज खिलाड़ियों जहीर अब्बास, जावेद मियांदाद, सलीम मलिक और इंजमाम उल हक की बात की जाती है पर आजम भी इस सूची में शामिल हो गये हैं। आजम ने टी20 विश्व कप के 6 मुकाबलों में सबसे ज्यादा 303 रन बनाए, इसमें उनके नाम 4 अर्धशतक भी शामिल थे। . कप्तान बाबर के नेतृत्व में ही पाक ने पहली बार किसी विश्व कप में भारत पर जीत हासिल की।

सीएसके ने ओडिशा के सुभ्रांशु को ट्रायल के लिए बुलाया

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के आगामी संस्करण से पहले चयन ट्रायल के लिए ओडिशा के बल्लेबाज सुभ्रांशु सेनापति को बुलाया है। सुभ्रांशु ने विजय हजारे ट्रॉफी के सात मैचों में 275 रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा है। 24 वर्षीय इस बल्लेबाज ने इस टूर्नामेंट में ओडिशा की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। इस खिलाड़ी ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में आंध्र के खिलाफ शानदार शतक भी लगाया था। सुभ्रांशु ने विदर्भ और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में भी अर्धशतक लगाया था। इस बल्लेबाज के कारण ही ओडिशा वर्तमान में एलीट ग्रुप ए में पांच मैचों में तीन जीत के साथ चौथे स्थान पर है। इस खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के पिछले संस्करण में भी ओडिशा की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया था। इस युवा खिलाड़ी ने पांच मैचों में 27.60 की औसत और 116.94 के स्ट्राइक रेट से एक अर्धशतक के साथ 138 रन बनाए हैं। साल 2017 में अपने पदार्पण के बाद से 26 टी20 मैचों में, इस खिलाड़ी ने 28.95 की औसत से 637 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम तीन अर्धशतक हैं। ओडिशा क्रिकेट संघ (ओसीए) संजय बेहरा ने कहा, विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इस बल्लेबाज ने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसी कारण उसे चेन्नई सुपर किंग्स ने ट्रायल के लिए बुलाया है। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के पिछले संस्करण में सेनापति ने पांच मैचों में 27.60 के औसत और 116.94 के स्ट्राइक रेट से एक अर्धशतक के साथ 138 रन बनाए थे। ??सीएसके ने आईपीएल 2022 नीलामी से पहले चार खिलाड़ियों को रिटेन किया है। उन्होंने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा पर सबसे अधिक राशि खर्च की, जिन्हें 16 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया था। वहीं कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को 12 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। ऑलराउंडर मोइन अली को 8 करोड़ रुपये और युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को 6 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया है।

चीन में महिलाओं के सुपर लीग वॉलीबाल मुकाबले में खेलती हुई सुन जियोन।

जब खेल से संन्यास लेने पर विचार कर रहे थे अश्विन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री की एक टिप्पणी के बाद वह खेल को अलविदा कहने पर विचार कर रहे थे। अश्विन के अनुसार तब उन्हें ऐसा लग रहा था जैसे उन्हें मझधार में छोड़ दिया गया था। इसी कारण करियर के कठिन समय में वह खेल छोड़ना चाहते थे। वहीं जब अश्विन से पूछा गया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 2019 के सिडनी टेस्ट में पांच विकेट लेने के बाद उस समय कोच रहे शास्त्री ने जब कुलदीप यादव को विदेशों में भारत का शीर्ष स्पिनर करार दिया तो उन्हें कैसा लगा था।

इसपर अश्विन ने कहा कि वह कुलदीप के लिए वास्तव में खुश थे क्योंकि उन्हें पता था कि ऑस्ट्रेलिया में एक स्पिनर के रूप में पांच विकेट लेना कितना कठिन है पर शास्त्री की टिप्पणी से वह हताश हो गये थे'।

इस दिग्गज स्पिनर ने कहा, '' हम सभी इस बारे में बात करते हैं कि अपने साथियों की सफलता का आनंद उठाना कितना जरूरी है। मैं कुलदीप के लिए खुश था। मैं ऑस्ट्रेलिया में पांच विकेट हासिल नहीं कर पाया था पर ऐसा किया। मुझे पता है कि यह कितनी बड़ी उपलब्धि है। यहां तक कि जब मैंने अच्छी गेंदबाजी की है तभी यह कारनामा नहीं कर सका था, इसलिए मैं वास्तव में उसके लिए खुश हूं। और ऑस्ट्रेलिया में जीत हासिल करना बेहद खुशी का मौका है।'' अश्विन ने कहा, '' मुझे अगर उनकी खुशी और टीम की सफलता में हिस्सा लेना है, तो मुझे ऐसा महसूस होना चाहिए कि मैं उसका हिस्सा हूं। अगर मुझे लगता है कि मेरी उपेक्षा हो रही है तो मैं टीम या टीम के साथी की सफलता का आनंद कैसे ले सकता हुं।

व्यापार न्यूज

पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

मुंबई। घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमत में बुधवार 22 दिसंबर को कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं दूसरी ओर क्रूड ऑयल मार्केट में अस्थिरता का दौर जारी है। जहां एक पहले

क्रूड ऑयल की कीमत में गिरावट आती है तो अगले ही दिन जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। बुधवार को भी विदेशी बाजार ब्रेंट क्रूड ऑयल को दोबारा 75 डॉलर प्रति बैरल तक लेकर जा रहे हैं। आईओसीएल के अनुसार देश के चारों महानगरों में पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रति लीटर पर हैं। वहीं दूसरी ओर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमशः 104.67 रुपए, 109.98 रुपए और 101.40 रुपए प्रति लीटर हैं। देश के चारों महानगरों में डीजल के दाम वही लागू रहेंगे जो कि बीते दिनों से देखने को मिल रहे हैं। नई दिल्ली में डीजल के दाम 86.67 रुपए, कोलकाता में 89.79 रुपए, मुंबई में 94.14 रुपए और चेन्नई में 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं।

मारुति की कारों की विदेशों में भी खूब डिमांड

मेड इन इंडिया कारों की एक्सपोर्ट में हुई अच्छी-खासी बढ़ोतरी

नई दिल्ली। देसी ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति की कारों की विदेशों में खूब डिमांड है और पिछले कई महीनों से एक्सपोर्ट रिपोर्ट में मारुति की कारें टॉप पोजिशंस पर होती हैं। पिछले महीने, यानी नवंबर 2021 में एक्सपोर्ट में किन टॉप 20 कारों का जलवा देखने को मिला है?नवंबर 2021 कार एक्सपोर्ट ब्रेअकप देखें तो एक बार फिर से मारुति डिजायर सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट की गई कार रही, जिसकी कुल 5,856 यूनिट दूसरे देशों में भेजी गई। इसके बाद मारुति स्विफ्ट का स्थान रहा, जिसकी कुल 3,623 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। तीसरे नंबर पर मारुति बलेनो रही, जिसकी कुल 3,359 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। ह्यूंदै क्रेटा चौथे स्थान पर रही, जिसकी कुल 2472 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। पांचवें स्थान पर निसान सन्नी रही, जिसकी कुल 2379 यूनिट नवंबर में एक्सपोर्ट की गई। नवंबर में भारत में बनीं कारों की एक्सपोर्ट लिस्ट देखें तो छठे नंबर पर रही ह्यूंदै वरना की कुल 2374 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। इसके बाद किआ सेल्टॉस की कुल 2308 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। आठवें नंबर पर रही ह्यूंदै ग्रैंड आई10 नियॉस की कुल 2202 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। मारुति ब्रेजा की कुल 1825 यूनिट एक्सपोर्ट की गई और 10वें नंबर पर मारुति ऑल्टो रही, जिसकी कुल 1700 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। मारुति जिम्नी की कुल 1617 यूनिट एक्सपोर्ट की गई और होंडा सिटी की कुल 1390 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। नवंबर में एक्सपोर्ट हुईं कारों की लिस्ट में 13वें स्थान पर मारुति एस-प्रेसो रही, जिसकी कुल 1370 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। इसके बाद ह्यूंदै ऑरा रही, जिसकी कुल 1351 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। रेनो क्विड की कुल 1269 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। किआ सॉनेट की कुल 1216 यूनिट एक्सपोर्ट की गई।

फॉक्सवैगन वेंटो की कुल 1173 यूनिट एक्सपोर्ट की गई और मारुति अर्टिगा की कुल 821 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। 19वें नंबर पर रही ह्यूंदै सेंट्रो की कुल 733 यूनिट नवंबर में एक्सपोर्ट की गई और 20वें नंबर पर रही रेनो ट्राइबर की कुल 718 यूनिट एक्सपोर्ट की गई। बता दें ?कि भारत में बनी देसी-विदेशी कंपनियों की कारों की दूसरे देशों में अच्छी डिमांड है और पिछले कुछ महीनों के आंकड़े देखें तो मेड इन इंडिया कारों की एक्सपोर्ट में अच्छी-खासी बढ़ोतरी देखने को मिली है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुंबई। मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बेंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में उछाल से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस प्रमुख शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 497 अंक करीब 0.89 फीसदी की बढ़त के साथ ही 56,319.01 और पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 156.65 अंक तकरीबन 0.94 फीसदी उछलकर 16,770.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा करीब चार फीसदी की तेजी एचसीएल टेक के शेयरों में रही। इसके अलावा विप्रो, टाटा स्टील, टाइटन, टेक महिंद्रा और सन फार्मा के शेयर भी बढ़े हैं। वहीं दूसरी ओर पावर ग्रिड एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर गिरे हैं। जानकारों के अनुसार एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से भारतीय बाजार को भी बल मिला है। इसके साथ ही सरकार की ओर से आये निर्यात में मजबूती वाले बयान से भी बाजार में उत्साह बना हुआ है। इससे पहले आज सुबह बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सूचकांक 600 अंक से अधिक ऊपर आया। वहीं इसी प्रकार निफ्टी 187.05 अंक या 1.13 फीसदी की बढ़त के साथ 16,801.25 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक तीन फीसदी की बढ़त एचसीएल टेक के शेयरों में आईई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, विप्रो, एनटीपीसी और टाइटन के शेयर भी ऊपर आये हैं। वहीं दूसरी ओर एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर थे। इससे पहले सोमवार को शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुआ था।

सोना सपाट, चांदी की कीमत में तेजी

मुंबई। क्रिस्मस से पहले कमोडिटी मार्केट भी थोड़ा सुस्त देखने को मिल रहा है। भारीय बाजार में सोना सपाट स्तर पर कारोबार करता हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि चांदी की कीमत में मामूली सी तेजी देखने को मिल रही है। विदेशी बाजारों में भी सोना और चांदी की कीमत में खास हलचल देखने को नहीं मिल रही है। न्यूयॉर्क में सोने की कीमत 1.80 डॉलर प्रतिऑस की तेजी देखने को मिल रही है और दाम 1790.50 डॉलर प्रतिऑस पर आ गए हैं। गोल्ड के स्पॉट प्राइस 1.06 डॉलर की तेजी के साथ 1790.53 डॉलर प्रतिऑस पर कारोबार कर रहे हैं। वहीं चांदी की कीमत 0.16 फीसदी की तेजी देखने को मिल रही है और दाम 22.57 डॉलर प्रतिऑस पर पहुंच गए हैं। सिल्वर स्पॉट प्राइस 0.13 फीसदी की तेजी के साथ 22.55 डॉलर प्रतिऑस की तेजी देखने को मिल रही है। यूरोप के बाजारों में सोना 2.21 यूरो प्रतिऑस की तेजी के साथ 1587.44 यूरो और चांदी 0.19 फीसदी की तेजी के साथ 19.99 यूरो प्रतिऑस पर कारोबार कर रही है।

अगले साल भारत में लॉन्च होंगे कई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल्स, देखने में स्पोर्टी और बैटरी रेंज शानदार

नई दिल्ली। भारत में साल 2022 में एक से बढ़तर एक इलेक्ट्रिक कारों के साथ ही इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल और इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च होंगे। भारत में अगले साल अल्ट्रावायलेट एफ77 इलेक्ट्रिक बाइक लॉन्च होने वाली है। मार्च 2022 में संभवतः लॉन्च होने वाली यह इलेक्ट्रिक बाइक स्पोर्टी लुक वाली होगी और इसकी कीमत 3 लाख रुपये के आसपास हो सकती है। इसके साथ ही अगले साल फरवरी में ओकीनावा ऊजर इलेक्ट्रिक भी लॉन्च हो सकती है, जिसकी कीमत एक लाख रुपये के आसपास हो सकती है।

भारत में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचने वाली कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक जल्द ही एई-47 ई-बाइक लॉन्च कर सकती है, जिसकी कीमत एक लाख रुपये के आसपास रह सकती है। भारत में मार्च 2022 के आसपास डेवोट मोटर्स ई-बाइक भी लॉन्च हो सकती है, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये हो सकती है। जुलाई 2022 में सीएफमोटो इलेक्ट्रिक बाइक आ सकती है, जिसकी संभावित कीमत 2 लाख रुपये हो सकती है। अगले साल देसी कंपनी रिवॉल्ट भी नई इलेक्ट्रिक बाइक रेवोल्ट आरवी केफ रेसर लॉन्च कर सकती है, जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपये के आसपास हो सकती है। सुपर सोको टीएस स्ट्रीट हंटर अगले साल डेढ़ लाख रुपये प्राइस रेंज में अगले साल के मध्य तक लॉन्च हो सकती है। अगले साल टीवीएस झेपलीन आर के भी इंडिया लॉन्च की मीडिया रिपोर्ट्स आ रही है और माना जा रहा है कि इसे 2 लाख रुपये से कम कीमत में लॉन्च किया जा सकता है।

भारत में अगले साल हार्लेे डेविडसन और ट्रायंफ जैसी कंपनी भी अपनी इलेक्ट्रिक बाइक भारत में लॉन्च कर सकती है। आप भी अगर इन दिनों इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदने का मन बना रहे हैं तो कुछ दिन रुक जाएं, क्योंकि जल्द ही भारत में कई अच्छी इलेक्ट्रिक बाइक्स लॉन्च होंगी, जो किफायती कीमत में स्पोर्टी लुक और जबरदस्त बैटरी रेंज वाली हो सकती हैं।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने जलाए कांग्रेस नेताओं के पुतले

मुरैना। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेसी नेताओं का पुतला पुरानी कलेक्ट्रेट पर जलाया गया और आक्रोश व्यक्त किया गया। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष साधुसिंह राठौर के नेतृत्व में एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हमीर सिंह पटेल के मार्गदर्शन में कांग्रेस के पुर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजयसिंह, राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा द्वारा अपनी दोहरी नीतियों को दोहराते हुए मध्यप्रदेश पंचायत एवं निकाय चुनावों में आबीसी वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर चुनाव रुकवाकर ओबीसी वर्ग को अपमानित कर हक से बंछित रखा है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा बुधवार को पुरानी कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस पार्टी के पुर्व मुख्यमंत्री एवं नेताओं का पुतला दहन किया गया।

ओबीसी विरोधी है कांग्रेस की मानसिकता : राठौर: सबलगढ। इस दौरान पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष व नगर महामंत्री पवन सिंह राठौर ने बताया कि कांग्रेस ने षडयंत्र करके मध्यप्रदेश के पंचायत एवं निकाय चुनाव में पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर चुनाव में रोक लगवा दी है, जिससे कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है। कांग्रेस हमेशा से ओबीसी विरोधी रही है। विवेक तनखा ने अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढाते हुए और मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के अध्यादेश का विरोध किया। इसे संविधान के अनुच्छेद 243 (सी) एवं (डी) का उल्लंघन बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग की। भले ही कांग्रेस यह बताने की पुरजोर कोशिश करती है कि वह ओबीसी की पक्षधर है। यह उसका दोहरा मापदंड दिखाता है। इससे यह स्पष्ट है कि कांग्रेस की मानसिकता आबीसी विरोधी है। प्रदेश के पिछडा वर्ग में इसको लेकर रोष व्याप्त है।

कमलनाथ, दिग्विजय व विवेक तन्खा का पुतला फूंका: अंबाह। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा अम्बाह व्दारा नगर पालिका चौराहे पर

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह एवं सांसद विवेक तन्खा का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर साधु सिंह राठौर ने कहा कि कांग्रेस ने षडयंत्र करके मध्यप्रदेश के पंचायत एवं निकाय चुनाव में पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर चुनाव में रोक लगवा दी है, जिससे कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है। प्रदेश के पिछडा वर्ग में इसको लेकर रोष व्याप्त है। इस कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष साधू सिह राठौर, गजेंद्र सिह तोमर, बच्चूलाल गुप्ता, कवीन्द्र सिंह तोमर, मण्डल अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, कंचन चौहान, उमेश जैन एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

यूसी मास के तेजस्वी बच्चों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

मुरैना। अबेकस शिक्षा के लिए प्रसिद्ध नंबर एक अंतरराष्ट्रीय संस्था यूसी मास की अधिकृत संस्था किड्स अबेकस क्लासेस गांधी कॉलोनी मुरैना के द्वारा चलाए जा रहे यूसी मास के अंतर्गत इस संस्था के लगभग 20 मैथ्स के तेजस्वी बच्चों द्वारा अबेकस उपकरण से ट्रिक्स सीख कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन 16वीं ऑनलाइन राज्यस्तरीय यूसी मास प्रतियोगिता में दिखाया। किड्स अबेकस क्लासेस के संचालक डॉ एके गुप्ता ने बताया कि इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में संपूर्ण मध्यप्रदेश से लगभग 1000 मैथ्स के धुरंधर बच्चे शामिल हुए। इस 16वीं अबेकस एंड मेंटल अर्थमैटिक राज्यस्तरीय यूसी मास प्रतियोगिता का 19 दिसंबर 2021 को पुरस्कार वितरण समारोह इंदौर में आयोजित हुआ। सेंटर संचालक डॉ ए.के. गुप्ता ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में यूसी मास गांधी कॉलोनी के 20 बच्चों ने पुनः मुरैना का नाम रोशन किया। संपूर्ण मध्यप्रदेश से यशवर्धन सिंह तोमर, सुभ्या तोमर तथा मन्नत गोयल ने चैंपियन की ट्रॉफी व सिया मंगल और अनुभव शर्मा ने 4वी रनरअप की ट्रॉफी तथा शांभवी गंगवार, परिणीता शर्मा और स्तुति मंगल ने मेरिट में अपना स्थान प्राप्त किया। इस पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान बच्चों को कैश प्राइज भी दिया गया।

यूसी मास के 5 बच्चों ने ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त की

गांधी कॉलोनी सेंटर के सिया मंगल, स्तुति मंगल, अहम गोयल, सुमित बंसल और प्रतिष्ठा सिकरवार ने 19 दिसंबर को इंदौर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान यूसी मास की डिग्री प्राप्त की। यह डिग्री यूसी मास कोर्स कंप्लीट करने पर ही दी जाती है। इस पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कैलाश विजयवर्गीय थे।

दूध के दाम को लेकर दो व्यापारियों में विवाद, एक ने हमला कर चलाई गोलियां, 5 घायल

बागचीनी थाने के वीरमपुरा में हुई घटना, गंभीर घायल पिता-पुत्र ग्वालियर रैफर

मुरैना। जिले के बागचीनी थाना क्षेत्र के वीरमपुरा गांव में बुधवार की सुबह दो दूध व्यापारियों के बीच दूध के दामों को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। दूसरे पक्ष ने एक पक्ष पर गोलियां दाग दीं, जिसमें पिता पुत्र गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है, वहीं तीन अन्य लोग लाठी व पथराव में घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लंकेश शर्मा और मोहर सिंह जाटव वीरपुर गांव में दूध का व्यापार का करते हैं। दोनों पशु पालक दूध खरीदकर उसका व्यापार करते हैं। मोहर सिंह जाटव ने कुछ दिन पहले पशु पालकों को दूध की अधिक कीमत देते हुए उन्हें अपने यहां दूध देने के लिए मनवा लिया। इसकी जानकारी लंकेश शर्मा को लगी तो दोनों व्यापारियों के बीच दूध के दाम को लेकर जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि लंकेश शर्मा की ओर से 20 से 30 लोगों ने मोहर सिंह के घर पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों में पहले मारपीट हुई, फिर पथराव हुआ। इसके बाद लंकेश शर्मा के लोगों ने मोहर सिंह के घर में आग तक लगा दी। घटना के बाद मोहर सिंह अपने परिवार के लोगों को लेकर बागचीनी थाने के लिए रवाना हुआ तो दबंगों ने उन्हें गांव के बाहर लालबांस रोड पर घेर लिया और गोलियां दाग दीं। गोली लगने से 60 वर्ष के काशीराम जाटव और उनका बेटा 36 वर्षीय पुरुषोत्तम जाटव घायल हो गया। वहीं लाठी और पथराव के हमले से तीन अन्य लोग घायल हो गए। गोली लगने से घायल पिता-पुत्र को जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। उधर बागचीनी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चोरी की बाइक चलाता शातिर चोर पकड़ा, 5 बाइक बरामद

मुरैना। सिंहोनिया थाना पुलिस ने चोरी की बाइक पर सफर करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद उसके कब्जे से चार अन्य मोटरसाइकिल बरामद की हैं पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार के निर्देशन में वाहन चोरों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत सिंहोनिया थाना प्रभारी पवन सिंह भदोरिया शाम क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें सूचना मिली के ग्राम बघेल का रहने वाला हरिओम तोमर कहीं से मोटरसाइकिल चोरी करके ले जा रहा है और उसे बेचने के लिए पुरावस चौराहे पर खड़ा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से मोटरसाइकिल सीडी 110 ड्रीम काले रंग की बिना नंबर की बरामद की है, जिसके उस पर कोई कागजात नहीं मिले। पूछताछ करने पर आरोपी के कब्जे से चार अन्य मोटरसाइकिल उसके घर से बरामद की गई हैं।

कश्मीर में तैनात मुरैना के जवान की अटैक से मौत, देर रात मुरैना आएगी पार्थिव देह

मुरैना। सीआरपीएफ में पदस्थ काजी बसई थाना माता बसैया के जवान की गत रोज ड्यूटी के दौरान अटैक पड़ने से जम्मू कश्मीर में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इरफान अली सीआरपीएफ 132 बटालियान श्रीनगर जम्मू कश्मीर में तैनात थे। गत दिवस ड्यूटी के दौरान उनके पेट में दर्द हुआ और साथ ही उन्हें हॉस्पिटल ले गए, जहां एक साथ तीन अटैक पड़ने से उनकी मौत हो गई। विदित हो कि शहीद इरफान अली का पाक जनाजा (पवित्र शरीर) जम्मू कश्मीर से रवाना हो चुका है जो बुधवार की देर रात दिल्ली पहुंच जाएगा और सुबह उनके पैतृक गांव पहुंचेगा।

अवैध उत्खनन: सीसीएफ ने भेजी शनिचरा पहाड़ी पर उड़नदस्ता टीम, मौके से करोड़ों रुपए का पत्थर मिला गायब

मुरैना। जिले में रेत के बाद अब पत्थर का भी अवैध खनन जोरों से हो रहा है। माफिया ने वन विभाग से सांठगांठ कर पूरी चौकी को अवैध खनन से छलनी कर दिया है। इसकी हकीकत मंगलवार को सीसीएफ द्वारा भेजे गए उड़न दस्ते की जांच में सामने आयी हैं, जिसमें शनिचरा पहाड़ी पर करीब 43 गड्ढे चिन्हित किए गए, जहां से करोड़ों रुपए के पत्थर का अवैध उत्खनन किया गया है। जिले में पत्थरों के अवैध उत्खनन की कई शिकायतें सीसीएफ शशि मलिक के पास पहुंची है। इस शिकायत में एक महिला रेंजर के बारे में पत्थर माफियाओं के साथ सांठगांठ कर करोडों के पत्थर उत्खनन की बात कही गई हैं। इसके बाद से ही सीसीएफ का उडनदस्ता लगातार छापामार कार्रवाई कर रहा है। मंगलवार को उड़नदस्ता प्रभारी एमपी शर्मा की अगुवाई में टीम शनिचरा पहाडी पर पहुंची तो गड्ढों को देखकर टीम दंग रह गई। जब वहां देखा कि शनिचरा चौकी के चारों ओर पत्थरों का अवैध खनन हो रहा है, अवैध पत्थरों की खोज में देर रात तक जुटी रही। टीम के प्रभारी एमपी शर्मा ने बताया कि पहाड़ी के कंपार्टमेंट नंबर 15 व 16 में भारी मात्रा में अवैध उत्खनन हुआ है, इसकी गणना चल रही है। गणना के बाद ही सारी स्थिति साफ होगी। यहां बनी दर्शनीय स्थलों पर भी भारी नुकसान होने की संभावना हैं। शनिचरा चौकी पर पत्थरों के अवैध उत्खनन की प्राथमिक जांच सीसीएफ मलिक पहले करा चुके थे, उन्हें पता था कि भारी मात्रा में अवैध खनन किया जा रहा है, इसलिए उन्होंने इस क्षेत्र के रेंजर दीपांकर सिंह व शनिचरा बन चौकी के प्रभारी केशव प्रसाद शर्मा को मंगलवार की सुबह ग्वालियर तलब कर दिया। विभाग की समीक्षा व अन्य मसलों पर चर्चा करने के लिए सीसीएफ ऑफिस में बिठाया रखा। इस बीच शनिचरा चौकी पर उडनदस्ता की टीम ने अपनी जांच पड़ताल पूरी कर ली और अवैध उत्खनन की पहली रिपोर्ट देर रात तक सीसीएफ को सौंप दी। बताया गया है कि अवैध खनन की जांच की कार्रवाई लगातार तीन दिन जारी रहेगी, जो भी अवैध उत्खनन में शामिल होंगे, उनके खिलाफ विभाग के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

पशुओं में गंभीर रोग की बीमारी से अनेकों भैंसों की मौत

बिना जांच किए ही पशु चिकित्सक ने कहा ठंड से हो रही है मौत

कैलारस। विगत एक सप्ताह से कैलारस पहाड़गढ़ क्षेत्र में पशुओं में गंभीर रोगों का प्रकोप हो गया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। आपको बता दें कि विगत दिनों से खेड़ा हुसैनपुर पंचायत में एक दर्जन से ज्यादा भैंस बीमार हुई थी, जिनमें 3 भैसों की मौत हो चुकी है। पशु चिकित्सक कहते हैं कि ठंड से भैंस मर रही है।

सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सक की लापरवाही के चलते पहाड़गढ़ पशु चिकित्सालय क्षेत्र के ग्राम पेड़ा ग्राम पंचायत सुजानगढ़ मैं अशोक शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा की रोग के कारण भैंस की मृत्यु हुई है, जिसकी कीमत 85 हजार रूपए थी, वही रमेश चंद्र शर्मा पुत्र हरविलास शर्मा की रोग से भैंस की मृत्यु हुई इसकी कीमत 70 हजार रूपए है, इसके अलावा पूरन कुशवाह की दो बकरियां रोग के कारण मर गई है, जिनकी कीमत 9 हजार रूपए बताई गई है, सत्येंद्र पुत्र बाबू कुशवाहा की भैंस रोग के कारण मर गई है, जिसकी कीमत 25 हजार है, वहीं रामजी कुशवाह व रामदीन कुशवाहा की भैंस बीमार है। क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव में भैंसों की महामारी से पशुपालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार पहाड़गढ़ क्षेत्र के पेड़ा सुजानगढी जनुआपुरा, चचेड़ी, झावे का पूरा आदि गांवो में पशुओं में गंभीर बीमारियों का प्रकोप चल रहा है। जबकि पशु चिकित्सा विभाग अब भी कुंभकरणीय नींद में सो रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तक पशुओं में फैल रहे रोग की जानकारी नहीं दे पा रहे हैं, बल्कि पूछे जाने पर ठंड का बहाना बताकर बात समाप्त कर देते हैं।

ओवर फ्लो नाला टूटने से एक दर्जन मकानों व घरो में भरा पानी

कैलारस। जनपद पंचायत कैलारस की ग्राम पंचायत रीझौनी के ग्राम पान्डौली के पुरा में पंचायत द्वारा निर्मित नाला टूटने एवं ओवर फ्लो होने से एक दर्जन घरों व मकानों के अंदर पानी भर गया, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 3 दिन से नाला टूटने व नहर का पानी ओवर फ्लो होने से लगातार हमारे पानी भर रहा है। उन्होंने कहा कि हमने सरपंच को बताया कि हमारे घरों में पानी भर रहा है लेकिन अभी सरपंच ने हमारी समस्या का समाधान नहीं किया और ना ही सरपंच यहां पर मौके पर देखने आ रहे हैं। पानी घरों में भरने से ऐसी सर्दी में खाना बनाने में सोने में बहुत तकलीफ सहनी पड़ रही है। हमारे मकानों की दीवाल गिरने से कभी भी हादसा हो सकता है व हमारी फसलें भी नष्ट हो रही है। सरपंच जगदीश जाटव ने बताया कि हम मौके पर गए थे और नाला ओवर होने की वजह से पानी निकला है, हमने सिंचाई विभाग से बात की है, कुछ समय के लिए नाला बंद कर दिया जाए। जबकि ग्रामीणों ने सरपंच पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरपंच ने नाला घटिया किस्म के निर्माण से बनाया गया, जिससे नाला टूट कर घरों में पानी आ रहा है। ग्रामीण बनवारी, रिंकू, धर्म सिंह, गर सिंह ने बताया कि हमने इस संबंध में जनपद पंचायत कैलारस और जिला पंचायत मुरैना में इसकी शिकायत की है।

-इनका कहना है.....

सिंचाई विभाग द्वारा नहर में ज्यादा पानी छोड़ दिया है, इससे पानी घरों में भर गया है। हमने सिंचाई विभाग वालो से पानी बंद करने को कहा है।

जगदीश जाटव, सरपंच, रीझौनी

घाटी में आतंकी बौखलाए

एक तरफ जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने की कोशिश हो रही है, दूसरी ओर सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशों और आतंकी हमलों में तेजी आई है। श्रीनगर के जेवन इलाके में भारतीय रिजर्व पुलिस बल की बस पर अंधाधुंध गोलियां बरसाया जाना इसका ताजा उदाहरण है। इस घटना से एक दिन पहले सीमा पार से घुसपैठ करने वालों के दल में शामिल एक महिला आतंकी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। इसके दो दिन पहले बांदीपोरा में आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड से हमला किया, जिसमें तीन जवान शहीद हो गए। ये घटनाएं न सिर्फ केंद्र के लिए चुनौती हैं, बल्कि घाटी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली को विलंबित भी करेंगी। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाए जाने के बाद वहां सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। लंबे समय तक वहां कर्फ्यू की स्थिति रही। संचार सेवाएं बाधित रहीं, लोग लगभग अपने घरों में बंद थे। उस दौरान आतंकी गतिविधियां भी रुक गई थीं। मगर जैसे ही सुरक्षा इंतजाम कुछ नरम किए गए, संचार सेवाएं खुल गईं, घाटी में जन-जीवन सामान्य होना शुरू हुआ, वैसे ही फिर से आतंकी हमले शुरू हो गए। माना जा रहा था और सरकार भी दावा कर रही थी कि अब घाटी में आतंकवादी संगठनों की कमर टूट चुकी है और जो थोड़े-बहुत बचे हैं, वे हताशा में हमले कर रहे हैं। इसके अलावा उन लोगों की भी बड़े पैमाने पर धर-पकड़ हुई, जो आतंकवादियों को वित्तीय मदद पहुंचाया करते थे। हुर्रियत नेताओं और उनके बैंक खातों पर पहले ही शिकंजा कसा जा चुका है। इन सबके मद्देनजर दावा किया जा रहा था कि घाटी में आतंकियों की पैठ समाप्त हो गई है। युवाओं को गुमराह करने वाले संगठनों पर नकेल कसी जा चुकी है। मगर जिस तरह वहां फिर से आतंकवाद ने सिर उठाना शुरू किया है, उससे चिंता बढऩी स्वाभाविक है। पुलिस की बस पर हमला करने की योजना किसी नौसिखिया आतंकवादी या कमजोर संगठन का काम नहीं माना जा सकता। इस घटना ने पुलवामा का जख्म हरा कर दिया है। सीमा पार से आ रहे दल में से मारी गई महिला आतंकी की घटना से यह स्पष्ट है कि घुसपैठ की घटनाओं पर विराम लगाने में हमें पूरी तरह सफलता नहीं मिल पाई है। फिर इससे यह भी संकेत मिलता है कि पाकिस्तान की जमीन पर तैयार किए जा रहे चरमपंथियों में अब हर तरह के लोगों का उपयोग किया जा रहा है। पाकिस्तान की तरफ से सेना के शिविरों पर ड्रोन मंडराने की घटनाएं भी बहुत पुरानी नहीं हुई हैं। यानी पाकिस्तान अब घाटी में हर तरह से अस्थिरता पैदा करने की कोशिश में जुट गया है। विशेष दर्जा हटाए जाने को लेकर पैदा हुई उसकी झुंझलाहट अब फिर से उभरनी शुरू हो गई है। इस पर नकेल कसने के लिए नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत है।

जब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा था एक किसान!

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

वह बेहद सादे लिबास में रहते थे। धोती कुर्ता और सिर पर टोपी,यही उनका पहनावा था। एंबेसडर कार में चला करते थे। वह जहाज़ पर उड़ने के खिलाफ़ थे और प्रधानमंत्री होने के बावजूद लखनऊ रेल से जाया करते थे।अगर घर में कोई अनावश्यक बल्ब जला हुआ है तो वह डांटते थे कि इसे तुरंत बंद करो।वास्तव में चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने देश से कम से कम लिया और देश को अधिकतम दिया।%%चौधरी चरण सिंह का जन्म सन1902 में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर गांव में एक मध्यम वर्गीय किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने सन1923 में बीएससी की और आगरा विश्वविद्यालय से सन 1925 में एमएससी की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद एलएलबी की और गाजियाबाद से वकालत पेशे की शुरुआत की। बाद में वे मेरठ आ गये और कांग्रेस में शामिल होकर अपने राजनीतिक सफर को शुरू किया।

सन 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए वह पहली बार चुने गए ।इसके बाद सन 1946, सन 1952, सन1962 एवं सन1967 में उन्होंने विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे सन1946 में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में संसदीय सचिव बने और राजस्व, चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, न्याय, सूचना इत्यादि विभिन्न विभागों में कार्य किया। जून सन1951 में उन्हें राज्य के कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और न्याय तथा सूचना विभाग का प्रभार दिया गया। बाद में सन 1952 में वे डॉ. सम्पूर्णानन्द के मंत्रिमंडल में राजस्व एवं कृषि मंत्री बने। अप्रैल सन1959 में जब उन्होंने पद से इस्तीफा दिया, उस समय उन्होंने राजस्व एवं परिवहन विभाग का प्रभार संभाला हुआ था।

मुख्यमंत्री सी.बी. गुप्ता के शासनकाल में वे गृह एवं कृषि मंत्री थे। श्रीमती सुचेता कृपलानी की सरकार में वे कृषि एवं वन मंत्री रहे। उन्होंने सन1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं सन1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया।

कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी सन1970 में वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हालांकि बाद में राज्य में 2 अक्टूबर सन1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था।

श्री चरण सिंह ने विभिन्न पदों पर रहते हुए उत्तर प्रदेश की राजनीतिक सेवा की। उनकी ख्याति एक कड़क नेता के रूप में हो गई थी । प्रशासन में अक्षमता, भाई - भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार को वे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे।

उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें जाता है। ग्रामीण देनदारों को राहत प्रदान करने वाला विभागीय ऋणमुक्ति विधेयक, 1939 को तैयार करने एवं इसे अंतिम रूप देने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। उनके द्वारा की गई पहल का ही परिणाम था कि उत्तर प्रदेश में मंत्रियों के वेतन एवं उन्हें मिलने वाले अन्य लाभों को काफी कम कर दिया गया था। मुख्यमंत्री के रूप में जोत अधिनियम, 1960 को लाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। यह अधिनियम खेती की जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया था ,ताकि राज्य भर में इसे एक समान बनाया जा सके।

देश में कुछ-ही राजनेता ऐसे हुए हैं जिन्होंने लोगों के बीच रहकर सरलता से कार्य करते हुए इतनी लोकप्रियता हासिल की । एक समर्पित लोक कार्यकर्ता एवं सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रखने वाले चौधरी चरण सिंह को लाखों किसानों के बीच रहकर प्राप्त आत्मविश्वास से काफी बल मिला।

चौधरी चरण सिंह ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया और अपने खाली समय में वे पढ़ने और

लिखने का काम करते थे। उन्होंने कई किताबें लिखी जिनमें 'ज़मींदारी उन्मूलन', 'भारत की गरीबी और उसका समाधान', 'किसानों की भूसंपत्ति या किसानों के लिए भूमि, 'प्रिवेंशन ऑफ़ डिवीज़न ऑफ़ होल्डिंग्स बिलो ए सर्टेन मिनिमम', 'को-ऑपरेटिव फार्मिंग एक्स-रयेद' आदि प्रमुख हैं।

उनका रौबीला व्यक्तित्व था, जिसके सामने लोगों की बोलने की हिम्मत नहीं पड़ती थी. उनके चेहरे पर हमेशा परिपक्वता होती थी। वे हमेशा संजीदा बातचीत करते थे और बहुत कम मुस्कुराते थे. उन्हें कभी ठहाके मारकर हंसते हुए शायद ही किसी ने देखा हो।वह उसूलों के पाबंद थे और बहुत साफ़-सुथरी राजनीति के पक्षधर थे।

राष्ट्रीय आंदोलनो के दौरान वह महात्मा गाँधी और कांग्रेस की मिट्टी में तपे थे।सन1937 से लेकर सन1977 तक वह छपरौली - बागपत क्षेत्र से लगातार विधायक रहे. प्रधानमंत्री बनने के बावजूद उनके साथ किसी तरह का कोई लाव - लश्कर नही चलता था।

कोर्टपीस खेलने के शौकीन

चौधरी चरण सिंह से लोगों का रिश्ता दो तरह का हो सकता था - या तो आप उनसे नफ़रत कर सकते थे या असीम प्यार. बदले में आपको भी या तो बेहद गुस्सा मिलता था या अगाध स्नेह. उनका व्यवहार कांच की तरह पारदर्शी और ठेठ देहाती बुज़ुर्ग जैसा हुआ करता था।

बहुत कम लोगों को मालूम होगा कि वह संत कबीर के बड़े अनुयायी थे।कबीर के कितने ही दोहे उन्हें याद थे।वे एचएमटी घड़ी बाँधते थे और पूर्णतः शाकाहारी थे।तंबाकू और सिगरेट का तो सवाल ही नहीं था।

स्व. चौधरी चरण सिंह ने आगरा कॉलेज आगरा से एलएलबी किया था। वे आगरा कॉलेज के सप्रू हॉस्टल के रूम नंबर 27 में रहते थे। चौधरी चरण सिंह का रसोईया वाल्मीकि समाज से था। उनके साथ शिक्षारत विद्यार्थियों ने इस बात का विरोध किया, लेकिन चौधरी चरण सिंह उस रसोइये के समर्थन में रहे, उन्होंने कहा कोई उंचा नीचा नहीं होता । चौधरी चरण सिंह की इस सोच ने सबका दिल जीत लिया।

वेआगरा के फतेहपुरसीकरी विधानसभा और किरावली ब्लॉक के गांव सरसा में मुख्यमंत्री बनने के बाद आये थे। गांव में आने का उद्देश्य महज औचक निरीक्षण करना था। चौधरी चरण सिंह के साथ जिलाधिकारी भी थे। जब गांव में चौधरी चरण सिंह और जिलाधिकारी एक स्थान पर कुर्सी पर बैठे, तो वहां कुछ बुजुर्ग किसान उन्हें खड़े हुये दिखाई दिए । इस पर चौधरी चरण सिंह ने जिलाधिकारी को किसान के लिए कुर्सी छोडने को कहा। उन्होंने कहा कि इन किसानों को कुर्सी दो, क्योंकि अधिकारी जनता का सेवक होता है, मालिक नही।उनका यही गुण उन्हें साधारण किसान से प्रधानमंत्री की कुर्सी तक लेकर गया। किसान नेता चौधरी चरण सिंह की यादे हमेशा जिंदा रहेगी क्योंकि उनकी यह सोच कि देश की तरक्की का रास्ता खेतो और खलियानों से होकर जाता है,आज भी सार्थक है और हमेशा यह सोच प्रासंगिक रहेगी।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

(चिंतन-मनन) अपने अंदर रहना ही ध्यान

जब हम दुखी होते हैं तो लगता है समय बहुत लम्बा है। जब प्रसन्न होते हैं तो समय का अनुभव नहीं होता है। तो प्रसन्नता या आनन्द क्या है? यह हमारी स्वयं की आत्मा है। यही आत्मतत्व शिव तत्व है या शिव का सिद्धांत है। प्रायः हम जब भगवान की बात करते हैं तो प्रत्येक व्यक्ति तुरन्त ऊपर की ओर देखता है। पर ऊपर कुछ नहीं है। प्रत्येक वस्तु हमारे अन्दर है। अन्दर की तरफ देखना या अपने अन्दर रहना ही ध्यान है। जब तुम अपने किसी नजदीकी व्यक्ति, अपने मित्र या किसी अन्य की तरफ देखते हो तो तुम्हें क्या लगता है? तुम्हारे अन्दर कुछ-कुछ होता है। तुम्हें ऐसा अनुभव होता है कि कोई नई ऊर्जा तुम्हारे अन्दर से होकर प्रवाहित हो रही है। उन महान क्षणों को पकड़ो। यह वही महान क्षण हैं, जो समयशून्य क्षण होते हैं।

ईश्वर ने तुमको दुनिया में सभी छोटे-मोटे सुख व आनन्द दिया है, लेकिन चरम आनन्द अपने पास रखा है। उस चरम आनन्द को प्राप्त करने के लिए तुम्हें उस ईश्वर और केवल ईश्वर के पास ही जाना होगा। अपने प्रयासों में निष्ठा रखो। जब तुम इस चरम आनन्द को प्राप्त करते हो तो बाकी प्रत्येक वस्तुएं आनन्दमय हो जाती हैं। ईश्वर को अच्छा समय दो, इससे तुम पुरस्कृत होगे। यदि तुम्हारी प्रार्थना स्वीकार नहीं होती तो इसका मतलब है कि तुमने ईश्वर को अच्छा समय नहीं दिया है। सत्संग और ध्यान को अपनी सबसे ऊंची प्राथमिकता दो। भगवान को सबसे महत्त्वपूर्ण समय दो। इसका तुम्हें अवश्य ही अच्छा पुरस्कार मिलेगा। जब तुम भगवान से कोई वरदान प्राप्त करने की शीघ्रता में नहीं हो तब तुम्हें यह अनुभव होगा कि भगवान तुम्हारा है। सजगता या अभ्यास

तीनों कृषि कानूनों की वापसी मोदी सरकार के लिए साबित हो सकता है 'मास्टर स्ट्रोक' जानें इस निर्णय के पीछे क्या हो सकती है मुख्य वजह

पूजा सिहं

साल 2021 में 19 नवंबर का दिन हमेशा याद किया जाएगा क्योंकि इसी दिन मोदी सरकार ने लंबे समय से चले आ रहे विरोध को खत्म करने के लिए तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ऐसे निर्णय की अपेक्षा शायद ही किसी को रही होगी। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी सभी के दिमाग में यही था कि पीएम गुरु नानक देव की जयंती के दिन गुरुद्वारे जाएंगे, लेकिन हुआ इसके उलट। लोगों ने ठीक से आंख भी नहीं खोली थी कि खबर आती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को संबोधित कर रहे हैं। सुबह करीब 9 बजे के आस-पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नाम संबोधन शुरू किया। जैसे ही पीएम ने क्षमा मांगते हुए कहां कि किसानों के कुछ तबके को वह समझाने में असमर्थ रहे हैं, जिसके चलते देश हित में सरकार तीनों कृषि कानून वापस लेती है। फिर क्या था, मानों सभी अचंभित हो गए। क्योंकि करीब एक साल से किसान इस बिल के खिलाफ दिल्ली के बॉर्डरों समेत देश के कई हिस्सों में आंदोलन कर रहे हैं। इतना ही नहीं सरकार और किसान दलों की बैठक कई बार हो भी चुकी है, लेकिन वह असफल रही है। ऐसे में एक तरफ जहां विपक्ष इसे अहंकार की हार बता कर किसानों की जीत करार दे रहा है वहीं सत्ताधारी इसे सरकार का बड़प्पन बता रही है।

इसके अलावा कई राजनीतिक विशेषज्ञ इसे भाजपा का मास्टरस्ट्रोक भी बता रहे हैं। क्योंकि अगले साल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में भाजपा किसी भी कीमत पर खासकर यूपी-पंजाब में जीतना चाहती है। यानी इस फैसले को राजनीतिक समीकरण से भी जोड़ा जा रहा है और ऐसा होना भी ठीक कहा जा सकता है क्योंकि इतने लंबे समय के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस तरह का फैसला लेकर ये साबित कर दिया कि लोकतंत्र में कुछ भी हो सकता है। वहीं सरकार के इस फैसले के बाद शासन पर सवाल खड़ा होता है कि बिना जमीनी हकीकत को जानें आपने ऐसे कानून को पास किया जिसको आज फिर आपको वापस लेने पर मजबूर होना पड़ा। इतना ही नहीं सरकार के निर्णय लेने की क्षमता पर प्रश्न उठता है। क्योंकि आप अपने ही फैसले को नकारते हुए लोगों के सामने क्षमाप्रार्थी हैं।

इसके अलावा इस फैसले को मास्टर स्ट्रोक समझना भी गलत नहीं होगा। क्योंकि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ही भाजपा की छवि धूमिल हो रही है। पिछले दिनों लखीमपुर में जिस तरीके से केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्र के बेटे पर किसानों के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का वीडियो सोशल मीडिया पर देखा गया उसके बाद भाजपा बैकफुट पर नजर आ रही थी। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा अपने आपको पीछे होते देख रही थी। विपक्ष लगातार इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर हमलावर रही। इतना ही नहीं सभी विपक्षी पार्टियां को भाजपा के खिलाफ एक मजबूत मुद्दा मिल गया था। वहीं इस किसान आंदोलन के चलते पंजाब में भाजपा से अकाली दल ने अपना रिश्ता तोड़ लिया था। ऐसे में कृषि कानून की वापसी के दूरगामी परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव में भी जरूर देखने को मिल सकते हैं। कुछ हो या ना हो लेकिन इस आंदोलन के चलते पंजाब और यूपी को अपने हाथों से खिसकते हुए भाजपा कतई नहीं देख पाती। क्योंकि भाजपा को पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश में उप-चुनाव में मिली हार और आंदोलन के चलते बने उसके खिलाफ महौल को भांपते हुए यह कदम उठाया। इसके बाद अब माना जा रहा है कि पंजाब का अकाली दल और कांग्रेस से नाराज होकर अलग हुए पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा के साथ खड़े हो सकते है, जिससे पंजाब में कांग्रेस की राह मुश्किल हो सकती है। हालांकि, कांग्रेस हर जगह अपने आंतरिक कलह से ही परेशान है क्योंकि पहले अमरिंदर सिंह को सीएम पद से हटाना उसके बाद राजस्थान में सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तनातनी के बीच कैबिनेट फेरबदल करने का फैसले के साथ पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव की कलह बहुत बड़ा फैक्टर है। इसके अलावा हाल ही में कांग्रेस पंजाब अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का करतारपुर कॉरिडोर जाकर फिर से पाकिस्तान की प्रशंसा करना पार्टी को रेस में और भी पीछे करने का संकेत है। खैर, टक्कर की लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी फैक्टर में पीछे नहीं रह सकते हैं।

पूंजीवाद का चरम-सारी दुनिया मानसिक अवसाद में

सूडोकु नवताल- 5930 ★★★★★ कठिनतम

	9				6			
	1					2		
5			7				3	
			4					6
		3				9		
4					8			
	7				9			8
		2					1	
			3				4	

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -5929 का हल

6	5	8	9	1	4	2	7	3
1	2	7	3	5	8	6	4	9
3	4	9	7	2	6	1	5	8
2	3	6	1	4	5	9	8	7
8	9	5	2	7	3	4	1	6
4	7	1	6	8	9	3	2	5
7	6	4	5	3	1	8	9	2
9	8	2	4	6	7	5	3	1
5	1	3	8	9	2	7	6	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सनत जैन

-पूंजीवाद और कोरोना महामारी के बाद 50 फीसदी आबादी मनोरोगी सारी दुनिया में आत्महत्या की घटनायें बढ़ी

वैश्विक व्यापार संधि के बाद सारी दुनिया के देश पूंजीवादी व्यवस्था के गुलाम बनकर रह गए हैं। पिछले 25 वर्षों में पूंजीवादी व्यवस्था ने आम लोगों का चैन छीन लिया है। गरीब और अमीर सभी भौतिक सुविधाओं और ज्यादा से ज्यादा कमाई करने के चक्कर में प्रतिस्पर्धी हो गए हैं। प्रतिस्पर्धा के कारण चिंता, अवसाद और बेचैनी के चलते करोंडों लोग मनोरोगी हो गए हैं। आय से अधिक खर्च करने की प्रवृत्ति बढ़ने से भारत सहित दुनिया के सभी देशों में गरीब और मध्यमवर्ग कर्ज़ के बोझ से कराह रहा है। कोरोना महामारी, आर्थिक मंदी, महंगाई और बेरोजगारी के कारण नशे की लत आम लोगों में बढ़ती जा रही है। वहीं आर्थिक समस्याओं तथा कर्ज के बोझ से भारत जैसे देश में पिछले दो वर्षों में आत्महत्या करने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। छात्र, युवा, प्रेमी-प्रेमिका, परिवार की जरुरतें पूरी नहीं कर पाने से सामूहिक आत्महत्या, कर्ज के बोझ से दबकर उद्योगपति, व्यापारी, किसानों में आत्महत्या की घटनायें बड़ी संख्या में भारत सहित दुनिया के अधिकांश देशों में बढ़ रही हैं।

रिश्तों में तनाव

परिवार के सदस्यों तथा आम लोगों के बीच हर समय छोटी-छोटी बातों पर

विवाद होने से पारिवारिक सुख-शांति खत्म हो गई है। बड़ों के प्रति सम्मान खत्म हो रहा है। हर कोई निराशा के बीच छोटी-छोटी बातों में लड़ाई झगड़े करने लगा है। जिसके कारण अपराधिक घटनायें भी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। पूंजीवाद का दुष्प्रभाव अब सामाजिक जीवन में स्पष्ट रुप से मानसिक अवसाद के रुप में दिख रहा है।

धर्म-कर्म, साधु-संत, सरकारों की चुप्पी

सामाजिक स्तर पर भारी तनाव के कारण आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है। धार्मिक एवं सामाजिक नैतिकता समाप्त होती जा रही है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी अनैतिक तरीके अपनाये जा रहे हैं। इसके बाद भी धार्मिक मान्यताओं को लेकर साधु-संत, मुल्ला-मौलवी, ईसाई-फादर धार्मिक गुरुओं का मौन, सरकारों की अनदेखी आश्चर्यचिकित करने वाली है। आर्थिक कारणों से आम आदमी हिंसक होकर आपराधिक कृत्य कर रहे हैं। आर्थिक कारणों से चोरी, डकैती, लूट और हत्यायें हो रही हैं। इसके बाद भी पूंजीवादी व्यवस्था का सरकारों द्वारा समर्थन करने से जनता और शासक वर्ग के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं। आम जनता अवसाद के कारण मानसिक एवं शारीरिक रुप से बीमार होती जा रही है।

दक्षिण कोरिया से सबक लें

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दक्षिण कोरिया ने सामाजिक एवं आर्थिक स्तर पर बड़ी तेजी के साथ प्रगति कर सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया था। बच्चों को पूंजी की अहमियत स्कूल में ही सिखा दी जाती थी। पूंजीवादी व्यवस्था विशेष रुप से वैश्विक व्यापार संधि (डब्ल्यूटीओ) के बाद दक्षिण कोरिया की 73 फीसदी आबादी मनोरोगी हो गयी है। दक्षिण कोरिया के नागरिकों को शांति और आर्थिक सम्पन्नता के लिए जाना जाता था। वर्तमान में दक्षिण कोरिया की 73 फीसदी आबादी आर्थिक विषमता और तनाव के कारण गुस्से और झगड़ा कर रही है। काम के बोझ और आर्थिक तंगी के कारण अधिकांश आबादी निराशा में डूबी हुई है। दक्षिण कोरिया की आबादी अब एकांत प्रिय हो रही है। तनाव से मुक्ति पाने लोग मनोरोग चिकित्सों के पास पहुंच रहे हैं। पूंजीवाद का वर्तमान स्वरुप अब उन्हें पूंजीवाद की दौड़ से बाहर होने के लिए विवश हैं। भौतिक सुविधाओं से दूर-दराज के शांत इलाकों में जाकर शांति प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने सही मायने में पूंजीवादी व्यवस्था से थक-हारकर मानसिक शांति के साथ जीवन जीने के लिए दक्षिण कोरिया के लोगों ने नवीन प्रयास शुरु कर दिये है।

आदर्श ग्राम: कमाल के फैसले

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हरयाणा के एक गांव उटावड में ग्राम महापंचायत ने बड़े कमाल के फैसले लिये हैं। ग्रामीणों की इस महापंचायत ने यह घोषणा की है कि जो कोई भी गोहत्या करेगा, उस पर 51000 रु. का जुर्माना ठोक दिया जाएगा और उसका सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा। गोहत्या पर कानूनन सजा तो मिलती ही है, जुर्माना भी लाखों में होता है लेकिन यदि कोई पंचायत यह निर्णय करती है तो इसे अदालत के मुकाबले ज्यादा आसानी से लागू किया जा सकता है। जिन अपराधों या अतियों पर कानूनी बंदिशें नहीं हैं, उन्हें करने पर भी इस पंचायत ने सजा के प्रावधान किए हैं। जैसे उस गांव के किसी भी होटल में मांसाहारी भोजन बनाने पर भी प्रतिबंध होगा। सिर्फ चिकन बनाने की अनुमति होगी। यदि कोई बड़े जानवर का मांस बेचेगा या जोर से गाने बजाएगा या शराब पीकर गांव में घूमेगा तो उस पर भी हजारों रु. का जुर्माना किया जाएगा। सबसे अनूठा नियम इस महापंचायत ने यह जारी किया है कि विवाह-समारोहों में दहेज का दिखावा नहीं किया जाएगा और शादियों में 52 बरातियों से ज्यादा नहीं आ सकेंगे। यों तो दहेज मांगने पर सख्त कानून का प्रावधान कानून में है लेकिन देश में बहुत कम शादियां बिना दहेज के होती हैं। फिर भी यदि उसके दिखावे पर प्रतिबंध होगा तो वह लेने-देनेवालों को कुछ हद तक हतोत्साहित जरुर करेगा। वास्तव में इस महापंचायत को चाहिए था कि वह गांव के सभी अविवाहित युवक-युवतियों से दहेज-विरोधी प्रतिज्ञा करवाती। उसने जुए और सट्टे पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसा लगता है कि इस महापंचायत के सदस्य पलवल के इस गांव को भारत का आदर्श ग्राम बनाना चाहते हैं। सबसे मजेदार बात यह है कि इन निर्णयों का जो लोग भी उल्लंघन करेंगे, उनका सुराग देनेवालों को पंचायत 5100 रु. का पुरस्कार देगी। अगर पंचायत अपने ये सब जबर्दस्त फैसले लागू कर सके तो उसके क्या कहने लेकिन उसमें कई कानूनी अड़चनें भी आ सकती हैं। ये फैसले तो सराहनीय हैं लेकिन जुर्मानें वगैरह से भी ज्यादा कारगर होते हैं– संस्कार। यदि गांवों और शहरों के बच्चों को बचपन से ही इन बुराइयों के विरुद्ध संस्कार मिल जाएं तो इतने सख्त नियमों की जरुरत ही नहीं पड़ेगी। उटावड को आदर्श ग्राम बनाने की इस महापंचायत के अध्यक्ष कोई रोहतास जैन हैं तो उनका समर्थन करनेवाले पूर्व सरपंच अख्तर हुसैन, मकसूद अहम और आस मुहम्मद हैं।

पसीने की बदबू से पाना चाहते है निजात, अपनाये ये घरेलु उपाय

इंसान को किसी भी मौसम में पसीना आना बहुत आम सी बात है लेकिन समस्या तब गंभीर हो जाती है जब पसीने के साथ बदबू आने लगे जाये। ऐसा होने पर आपके आसपास कोई बैठना नहीं चाहता और अगर कोई बैठ भी जाता है। ऐसे में शर्मिंदगी वाजिब है। अंडरआर्म्स की बदबू को हटाने के लिए आप नहा भी लेते हैं लेकिन इसके बावजूद कुछ ही देर बाद दोबारा से वो ही हाल हो जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो यहां आप जान सकते हैं कि आखिर इसकी वजह क्या है और इससे कैसे निजात पाया जा सकता है।

पसीने से क्यों आती है बदबू -

पसीने की बदबू पूरी तरह से हमारी हाइजीन हैबिट्स और खानपान पर निर्भर है। जब शरीर में पानी से ज्यादा कैफीन का इंटेक हो जाता है और आप रेग्युलर नहीं नहाते हैं तो ऐसी आदतें पसीने में बदबू की वजह बन जाती है। स्किन एक्सपर्ट्स के अनुसार पसीना एक नॉर्मल प्रक्रिया है जो वर्कआउट, स्ट्रेस या गर्मी की वजह से शरीर से बाहर आता है लेकिन जब स्किन पर इसके साथ बैक्टेरिया घुल जाते हैं तब ये बदबूदार हो जाते है। बता दें कि स्किन पर मौजूद डेड स्किन बैक्टीरिया पनपते की जगह होती हैं जिन्हें अगर रोजाना साफ नहीं किया गया तो इनमें से बदबू आने लगती है।

पसीने से छुटकारा पाने के लिए किन बातों का ध्यान रखें -

- हेल्दी और बैलेंस्ड डायट को अपनी दिनचर्या में शामिल करे ढ्ढ
- एंटीफंगल पाउडर का दिन में प्रयोग करें।
- भोजन में लहसुन और प्याज से कुछ दिनों के लिए दूरी बनाए।
- कॉटन कपड़े पहनें।
- दिन में दो बार नहाए।
- कैफीन की जगह ग्रीन टी या हर्बल टी का सेवन करें।
- दिनभर में दो से तीन लीटर पानी पिएं।

घरेलू उपाय जिन्हें अपनाकर आप अंडरआर्म्स की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं

1. **बेकिंग सोडा** – एक चम्मच बेकिंग सोडा को नींबू के रस में अच्छी तरह मिलाएं और इसे अंडरआर्म्स पर 15 मिनट लगाकर रखें। इसके बाद अच्छी तरह से नहां लें। पसीने की बदबू से राहत मिलेगी।
2. **एप्पल साइडर विनेगर** – एप्पल साइडर विनेगर को अगर नारियल तेल के साथ मिलाकर प्रभावित एरिया में लगाया जाए तो इसके इस्तेमाल से अंडरआर्म्स में होने वाले बैक्टीरिया खत्म होंगे और बदबू खत्म हो जाएगी।
3. **नींबू** – पसीने की बदबू से छुटकारा पाने के लिए नींबू का प्रयोग भी किया जा सकता है। इसे इस्तेमाल करने के लिए नींबू को आधा काट कर 10 मिनट तक अंडरआर्म्स पर रगड़ें और धो लें। आप दिन भर बदबू से दूर रहेंगे।

अजय देवगन 2024 में 400 करोड़ रुपये के बजट की फिल्म का करेंगे निर्देशन

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया को लेकर चर्चा में हैं। ये अलग बात है कि फिल्म में अजय कोई खास कमाल नहीं कर पाए हैं। अब उनकी आगामी फिल्मों का फैंस इंतजार कर रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि अजय 2024 में 400 करोड़ रुपये के बजट की फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। फिलहाल वह इस प्रोजेक्ट की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अजय 2024 में 400 करोड़ रुपये के बजट की फिल्म बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। सूत्र ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर चीजें अभी बिल्कुल शुरुआती स्टेज में हैं। यह प्रोजेक्ट कोरोना वायरस की महामारी और सिनेमाघरों के सुचारु रूप से चलने पर भी निर्भर करेगा। अजय काफी समय से इस प्रोजेक्ट के बारे में विचार कर रहे थे। आखिरकार उन्होंने इसकी स्क्रिप्ट को लेकर लेखकों से बातचीत की है। एक सूत्र ने कहा, इस समय फिल्म का अनुमानित बजट 400 करोड़ रुपये से अधिक है। यह बजट और भी बढ़ सकता है क्योंकि चीजों को अंतिम रूप देने में फिल्म की लागत बढ़ सकती है। फिल्म की पटकथा को तैयार करने में कई लेखकों की टीम जुड़ गई है। फिल्म में वीएफएक्स का खास ध्यान रखा जाएगा। यह बिल्कुल एक पीरियड ड्रामा फिल्म नहीं होगी। सूत्र की मानें तो यह अजय की ड्रीम प्रोजेक्ट बताई जा रही है। एक्टिंग के अलावा अजय ने निर्देशन भी अपनी किस्मत आजमाई है। वह फिलहाल अपनी फिल्म मेडे को लेकर लाइम लाइट में हैं। अजय इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में रकुल प्रीत सिंह और बोमन ईरानी भी दिखाई देंगे। फिल्म का निर्माण अजय की प्रोडक्शन कंपनी अजय देवगन फिल्म्स के सौजन्य से किया जा रहा है। फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। अजय के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान में दिखेंगे।

इमरान हाशमी हैं सलमान को मात देने के लिए तैयार? जिम में इमरान का दिखा फिट अवतार

इमरान हाशमी पिछले कुछ महीनों से जिम में खूब पसीना बहा रहे हैं.आए दिन उनकी तस्वीर इंटरनेट पर हंगामा मचा रही है और अब एक बार फिर इमरान ने किया है जिम से कसरत करते हुए एक पिक्चर शेयर. जिसे देख साफ है इमरान तैयार हो रहे हैं सलमान को टक्कर देने के लिए. आपको बता दिया इमरान जल्द ही फिल्म टाइगर 3 में नजर आएंगे.इस फिल्म में वो विलेन बनकर सलमान से दो दो हाथ करेंगे. कहा जा रहा है इस फिल्म के लिए जी इमरान खुद को सुपर फिट बनाने के लिए जिम में जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं.उन्होंने एक ब्लैक हुडी में एक पिक्चर शेयर करे हुए कैप्शन लिखा है 'डियर फैट, मरने के लिए तैयार हो जाओ !!, कुछ दिन पहले भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर ऐब्स दिखाते हुए शर्टलेस फोटो शेयर की थी. फोटो शेयर कर उन्होंने लिखा- यह सिर्फ शुरुआत है!! सामने आई फोटो में उनकी जबरदस्त बॉडी नजर आ रही थी. जिसे देखकर साफ पता चल रहा है कि इमरान कुछ महीनों से काफी मेहनत कर रहे हैं. इमरान की इस मेहनत और जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन पर उनके फैंस उनकी काफी तारीफ कर रहे हैं. सलमान खान की टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म टाइगर 3 इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है.इस बार फिल्म में इमरान हाशमी विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे. खबर हैं कि मेकर्स फिल्म को ग्रैंड बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं और यही वजह है कि फिल्म में इमरान के एंट्री सीन के लिए ही करोड़ों रुपए खर्च करने का प्लान बनाया है. फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया था कि सलमान की हर फिल्म में हीरो की एंट्री के लिए स्पेशल सीन शूट किए जाते हैं.लेकिन टाइगर 3 के मेकर्स ने इस बार विलेन के लिए ऐसा ही सीन शूट करने की प्लानिंग की है। मनीष शर्मा, आदित्य चोपड़ा और स्टंट टीम ने इमरान की ग्रैंड एंट्री दिखाने के लिए एक एक्शन सीक्वेंस तैयार किया है जिसकी लागत तकरीबन करीब 10 करोड़ रुपए आएगी. आपको बता दें सलमान खान और कटरीना कैफ स्टारर फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग शुरू हो चुकी है. टाइगर के तीसरे पार्ट में रोमांटिक एक्टर इमरान हाशमी आईएसआई एजेंट की नेगेटिव भूमिका में नजर आने वाले हैं. फिल्म की दमदार कास्टिंग के अलावा भी मेकर्स इस फिल्म को बड़ा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे रिपोर्ट्स की मुताबिक इमरान का किरदार बिल्कुल नया है।

रितिक रोशन के साथ कनेक्टेड महसूस करती हूं :वाणी कपूर

वाणी कपूर ने रणवीर सिंह, रितिक रोशन, अक्षय कुमार जैसे स्टार्स के साथ काम किया और अब वह रणबीर कपूर के साथ 'शमशेरा' में नजर आनेवाली हैं। हालांकि वाणी ने यह भी स्वीकार किया है कि बतौर ऐक्टर और स्पॉटलाइट में रहने के बावजूद वह काफी इंट्रोवर्ट और शर्मीली हैं। वाणी कपूर ने कहा है कि वह रितिक से काफी कनेक्टेड फील करती हैं। वाणी ने कहा, 'मैं काफी प्राइवेट पर्सन हूं, मुझे अपना स्पेस पसंद है। चाहे वो काम की जगह ही क्यों न हो, मैं लोगों से काफी कम बातें करती हूं। मैं चुप रहने वालों में से हूं और ऐसे में लोग घमंडी और एरोगेंट समझते हैं।' को-स्टार्स से उनकी कैसी बनती है? इस सवाल पर वाणी ने कहा, 'जिन लोगों के साथ मैंने काम किया है उनमें से रणवीर की बात करूं तो वह काफी बातूनी है। वह ऐसे हैं जो आपको भी बातूनी बना सकता है। बेफिक्रे की शूटिंग के दौरान मैंने उनके साथ काफी समय बिताया है। वह सुपर फ्रेंडली पर्सन हैं।'

वाणी वे बताया कि को-स्टार रितिक रोशन के साथ वह काफी कनेक्टेड फील करती हैं। उन्होंने कहा, 'बतौर ऐक्टर और पर्सन मैं रितिक के साथ काफी कनेक्टेड महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि मैं उनकी तरह काम करती हूं। हमारी सोच एक-दूसरे से काफी हद तक मिलती है। उनकी तरह मैं भी अपने काम को लेकर एक बड़ी क्रिटिक्स हूं। अनिश्चतताओं को लेकर भी हम एक जैसे हैं। कुल मिलाकर हमारा टेम्पो और वेवलेंथ मैच होता है। जब वह बातें करते हैं तो काफी मस्ती करती हैं, वह सुपर फनी हैं। उन्हें लगता है कि मैं भी काफी फनी हूं। मुझे यह जानकर अच्छा लगा कि उन्हें मेरी कंपनी पसंद है।' वाणी ने रणबीर कपूर को लेकर भी बातें कीं और कहा, 'हमने शूटिंग के दौरान लद्दाख में काफी समय साथ बिताया और इस दौरान उन्हें अच्छी तरह से जानने का मौका मिला।

अब 'भावई' नाम से रिलीज होगी प्रतीक गांधी की अपकमिंग फिल्म 'रावण लीला'

वेबसीरीज 'स्कैम 1992' से डिजिटल दुनिया के स्टार बने गुजराती अभिनेता प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'रावण लीला' को लेकर चर्चा में है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर जारी होने के बाद अब इस फिल्म को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। दरअसल, कुछ दिनों से इस फिल्म के टाइटल को लेकर काफी विवाद हो रहा था, जिसके कारण मेकर्स ने अब फिल्म के टाइटल को लेकर एक फैसला लिया है। मेकर्स ने अब इस फिल्म का टाइटल रावण लीला से बदलकर भावई कर दिया है, जिससे किसी की भावना को कोई आहत न पहुंचे। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है। प्रतीक गांधी इस फिल्म से बतौर मुख्य अभिनेता हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए तैयार हैं। लवयात्री और मित्रों जैसी फिल्मों में नजर आ चुके प्रतीक गांधी अपकमिंग फिल्म 'भावई' में बतौर अभिनेता लीड रोल में होंगे। वहीं इस फिल्म में प्रतीक गांधी के साथ अभिनेत्री एंद्रिता रे, अंकुर भाटिया, अभिमन्यु सिंह, राजेश शर्मा, अंकुर विकल, राजेंद्र गुप्ता, गोपाल सिंह, फ्लोरा सैनी, अनिल रस्तोगी, कृष्णा बिष्ट जैसे कई कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी।

जान्हवी कपूर की बोल्ड तस्वीरें आई सामने, इस खूबसूरत आउटफिट में लग रहीं बेहद ग्लैमरस

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की गिनती अब उन एक्ट्रेस में होती है जो अपने बोल्ड अंदाज से सबसो घायल कर देती हैं। जाह्नवी कपूर) कि जिम तस्वीरें जमकर वायरल होती हैं। एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी जाह्नवीकाफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियोज फैंस के बीच पोस्ट करती हैं। इसी बीच जाह्नवी के लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंटरनेट पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही हैं। जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि जाह्नवी ने क्रीम कलर की बेहद ही सीज़्लिंग वनपीस ड्रेस पहनी है, इस ड्रेस का नेक काफी डीप है, वहीं उनके बाल खुले हुए हैं। इस ड्रेस के साथ ही जाह्नवी ने बहुत ही प्यारी सी डायमंड ईयरिंग पहनी है। इन फोटोज में अदाकारा एक से बढ़कर कातिलाना पोज देते नजर आ रही हैं। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही सिद्धार्थ सेन गुप्ता के निर्देशन में बन रही फिल्म 'गुड लक जेरी' में नजर आने वाली हैं। ये एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, फिल्म को आनंद एल राय प्रोड्यूस कर रहे हैं।

इन तरीकों से करें अपने मेटल फर्नीचर की सफाई, लंबे समय तक नहीं होगा खराब

कई लोग अपने गार्डन में मेटल फर्नीचर रखना पसंद करते हैं, लेकिन कुछ समय के बाद ही यह बरसात और धूल-मिट्टी के कारण खराब होने लगता है। अगर आप नहीं चाहते हैं कि आपके गार्डन में रखें मेटल फर्नीचर को कोई नुकसान पहुंचे तो इसकी साफ-सफाई पर अतिरिक्त ध्यान दें। आइए आज हम आपको मेटल फर्नीचर को साफ करने के आसान तरीके बताते हैं, जो शायद आपके काम आ सकते हैं।

सिरके और पानी से तैयार करें क्लीनिंग सॉल्यूशन: आजकल बाजार में मेटल फर्नीचर के लिए कई तरह के क्लीनिंग सॉल्यूशन मौजूद हैं, लेकिन इनमें कई ऐसे कठोर केमिकल्स होते हैं, जिनसे फर्नीचर जल्दी खराब हो सकता है। ऐसे में आप चाहें तो अपने मेटल फर्नीचर के लिए सिरके और पानी से एक सुरक्षित क्लीनिंग सॉल्यूशन तैयार कर सकते हैं। इसके लिए एक स्प्रे बोतल में सिरके और पानी को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को एक साफ कपड़े पर छिड़कें और फिर इससे मेटल फर्नीचर साफ करें।

डिटर्जेंट का करें इस्तेमाल: आप चाहें तो अपने मेटल फर्नीचर को साफ करने के लिए डिटर्जेंट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक स्प्रे बोतल को आधा पानी से भरकर इसमें एक चम्मच डिटर्जेंट पाउडर और एक चम्मच बेकिंग सोडा अच्छे से मिलाएं। अब मेटल फर्नीचर पर इस मिश्रण का छिड़काव अच्छे से करें, फिर कुछ मिनट के बाद फर्नीचर को माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछकर सूखा दें। इससे आपका फर्नीचर एकदम नया लगने लगेगा।

अल्कोहल या नींबू का रस आएगा काम: अगर आपके मेटल फर्नीचर पर किसी चीज के जिद्दी दाग लग गए हैं तो ऐसे में आप परेशान न होएं क्योंकि आप उसे आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए रुई पर थोड़ा सा अल्कोहल डालकर उससे फर्नीचर को साफ करें। इसके बाद फर्नीचर पर थोड़ा ब्लो ड्रायर फेर दें। वहीं, दाग अगर थोड़ा हल्का है तो उसे हटाने के लिए आप नींबू के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

जरूरी बात: लेबल के अनुसार करें फर्नीचर की देखभाल: अगर आपका मेटल फर्नीचर किसी तरह के लेबल के साथ आया है तो उस पर लिखे दिशा-निर्देश को अच्छे से पढ़ें क्योंकि उस पर लिखी जानकारी आपके फर्नीचर को लंबे समय तक के लिए नया जैसा बनाए रखने में काफी मददगार साबित हो सकता है। हालांकि, अगर आपके फर्नीचर पर कोई लेबल लगा हुआ नहीं आया है तो जहां से आपने उसे खरीदा है।

मोनालिसा ने फिर ब्लू बिकिनी में बढ़ाई फैंस की धड़कनें

सिनेमा से लेकर वेब सीरीज तक अपना सफर तय कर चुकी एक्ट्रेस मोनालिसा अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज से सोशल मीडिया का पारा बढ़ा देती हैं। ऐसे में हाल ही में उन्होंने बिकिनी में तस्वीरें शेयर कर फैंस की धड़कनें बढ़ा दी है। ऐसे में अब मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह स्काई कलर की ब्लू बिकिनी में नजर आ रही हैं। सिनेमा से लेकर वेब सीरीज ने अपने दम पर काफी कम समय में करोड़ों फैंस का दिल जीत लिया है। यही कारण है कि वह अब किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। ऐसे में अब मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह स्काई कलर की ब्लू बिकिनी में नजर आ रही हैं। मोनालिसा को बिकिनी में देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट्स की बाढ़ ला दी है और उन्होंने और तस्वीरें अपलोड करने के लिए एक्ट्रेस के आगे डिमांड भी रख दी है। मोनालिसा फोटोज में अलग-अलग पोज दे रही हैं।

शर्दी से बचाव के लिये युवा जनकल्याण सेवा समिति के सदस्यों ने रात्रि में जरूरतमंद लोगों को वितरण की रजाई।

ग्वालियर। शहर में इन दिनों भीषण ठंडी की चपेट में आ गया है चुकी इस समय ठंड ने कोहराम मचा रखा है जिसके चलते ग्वालियर शहर की युवा जनकल्याण सेवा समिति के द्वारा ग्वालियर शहर के कई विभिन्न जगहों पर जाकर ठंड से बचाव के लिये जरूरतमंद लोगों को रजाई वितरण की आपको की रजाई वितरण कार्य राष्ट्रीय स्तर क्षेत्र शिवनाथ सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सिकरवार प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू कुशवाह, जिला अध्यक्ष विनय तोमर के सानिध्य में किया गया आपको बता दे कि शुरुवात में गोले का मन्दिर, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड, फूलबाग, अचलेस्वर महादेव, से लेकर जयारोग्य हॉस्पिटल में जाकर सेकड़ो की संख्या में जरूरतमंद लोगो रजाई वितरण कार्य किया गया क्योंकि इस समय ठण्ड की वजह से जीवन अस्त व्यस्त सा हो गया है लगभग काफी दिनों से ठंड ने लोगो का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है और रात में शीत लहरी चल रही है, जिसको देखते हुये इस कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई जिनको रजाई मिली वो बहुत ही खुश हुये। इस रजाई वितरण कार्यक्रम में सहयोग के रूप में अरविंद तोमर, कृपाल सिकरवार, अवदेश शर्मा, ध्रुव तोमर, उपेन्द्र परमार, जगजीत सिंह, भानु तोमर, भरत चौहान, संतोष शर्मा, सुरजीत राजावत, अदितीय श्रीवास्तव, मनदीप राठौर, विवेक चौहान, आशु राजावत, रवि राठौर आदि लोग उपस्तिथ रहे।

वन-टू-वन

बस की मोटरसाइकिल से भिड़ंत में दो की मौत एक घायल

खरगोन। जिले की सीमा से लगे जुलवानिया थाना क्षेत्र मे सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक कि हालत गम्भीर बनी हुई है। मिली जानकारी अनुसार हादसे के शिकार हुए तीनो युवक सेगाव जनपद के लोनारा निवासी होकर बाइक पर सवार होकर बड़वानी जिले के पाटी जा रहे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार यात्री बस ने उन्हें टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सवार दूर जा गिरे। हादसे में हरी ओम पिता महेश पटेल एवं कुंदन पिता कमल पटेल दोनों ग्राम लोनारा की मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल चालक हरी ओम पिता संतोष पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने मौके बूसे वाहन को जप्त किया है।

इंदरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

इंदरगढ़ ब्रेकिंग अपडेट
विवेक सेन पत्रकार इंदरगढ़ से,,,,

भांडेर रोड कंडर डेरा पर अवैध कच्ची शराब पर छापामार 13 ड्रम 26 सौ लीटर शराब 60 ड्रम लाहन जप्त कर नष्ट की गई 15 लाख कीमत बताई गई इंदरगढ़ थाना प्रभारी परमानंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव के मद्देनजर दतिया एसपी अमन सिंह राठौर के निर्देश पर आज भांडेर रोड कंजर डेरा पर अवैध कच्ची शराब भट्टी दबिश दी गई जमीन में गड़े 13ड्रम कच्ची शराब जप्त की गई जिस से जेसीबी मशीन से 6 ड्रम 1200 लीटर निकाल कर जप्त की गई जेसीबी मशीन से खोदते समय 7 ड्रम 1300 लीटर नष्ट हुई 2600 लीटर शराब जप्त की एवं नष्ट हुई वही 60 ड्रम लाइन को मौके पर ही नष्ट किया गया दो भट्टी एवं ढक्कन भी जप्त किए गए कुल मिलाकर लगभग 12 से 15लाख रुपए शराब जब एवं नष्ट हुई कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों सुरेंद्र कंजर गणेश देव कंजर को गिरफ्तार किया पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट धारा 34/2 के तहत कार्रवाई की जा रही है इस कार्रवाई में इंदरगढ़ थाना प्रभारी परमानंद शर्मा थरेटथाना प्रभारी मान सिंह सिसोदिया लाच थाना प्रभारी नंदिनी शर्मा तीनों थानों का पुलिस बल मौजूद रहा

आशीष गुर्जर गोहद एवं संग्राम मालनपुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड।मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के द्वारा प्रदेश के कद्दावर नेता डॉक्टर गोविंद सिंह की अनुशंसा पर भिंड जिला कांग्रेस के

अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा की सहमती से गोहद विधानसभा में ब्लॉक मालनपुर व ब्लॉक गोहद में नवीन अध्यक्ष नियुक्त किए गए जिसमें गोहद ब्लॉक से नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर व कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम शर्मा तथा मालनपुर ब्लॉक अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर को बनाया गया।गुर्जर की नियुक्ति पर उन्होंने कहा पार्टी ने हमें जो जिम्मेदारी दी है।उसमें पूर्ण निष्ठा से पार्टी के प्रति समर्पित भाव से निभाऊंगा आगामी समय में जल्द ब्लाक कार्यकारिणी का गठन और पोलिंग बूथ तक के संगठन को प्रभावी रूप से मजबूत करूंगा।

भा ज पा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमृत सिंह बघेल एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामअवतार चौधरी ने कांग्रेसी नेताओं को प्रेस कॉन्फ्रेंस में घेरा

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
संवाददाता विवेक पाण्डेय
मोबा- 7509181732

भिण्ड भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रामअवतार शिवहरे एवं जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ अभिभावक अमृत सिंह बघेल ने पत्रकार वार्ता में चर्चा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा में घोषणा की कि ओबीसी आरक्षण के साथ ही पंचायत चुनाव कराए जाएंगे इस निर्णय का उन्होंने स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी आरक्षण के माध्यम से समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है ताकि वह ओबीसी समाज का वोट बैंक अपने पक्ष में कर सके रामअवतार शिवहरे ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने राज्य सेवा परीक्षा में संशोधन करके पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के हितों के साथ खिलवाड़ किया जो बच्चे ज्यादा अंक लाकर आरक्षण की सीमा से बाहर भी चयनित हो सकते थे उन्हें भी आरक्षण के दायरे में ले लिया ऐसे हजारों बच्चों का भविष्य बर्बाद कर दिया।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पंचायती राज अधिनियम में हमने कोई परिवर्तन नहीं किया मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है कि पंचायत चुनाव में चुनाव ओबीसी के आरक्षण के साथ ही हो केंद्र सरकार भी कोर्ट में जा रही है हम पिछड़ों के या किसी भी वर्ग के अधिकार के साथ कभी अन्याय नहीं होने देंगे उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कमलनाथ एवं कांग्रेस नेता विजय तंखा ने अपनी ओबीसी विरोधी ओछी मानसिकता को अपनाते हुए माननीय न्यायालय में आरक्षण को लेकर जो याचिका लगाई है ताकि पंचायत चुनाव में समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल सके और उन्हें झूठा भड़काने का प्रयास कर रहे हैं 10 करोड़ का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मानहानि का नोटिस देकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कृत्तव एवं व्यक्तित्व को धूमिल करने का प्रयास किया है।

भाजपा ने किया कांग्रेस नेता पूर्व सीएम कमलनाथ एवं पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का पुतला दहन

सूरज यादव संवाददाता कोलारस
कोलारस- पिछड़ोंट्टुकेट्टुसम्मानट्टमें

भाजपा। मैदानट्टमें नारों के साथ आज भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर कांग्रेस के षड़यंत्रकारी कांग्रेस नेता दिग्विजयसिंह और कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सिंह का पुतला दहन कर विरोध किया मध्यप्रदेश की संवेदनशील सरकार संवैधानिक तरीके से पंचायत चुनाव करा रही पर कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने सुप्रीम कोर्ट जा कर पिछड़ो के सम्मान पर कुठाराघात किया है। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष शिखर धाकड़ जी,मंडल महामंत्री राम सढैया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बलवीर निवौरिया,पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंगल सिंह कुशवाह, जसवंत पाल,प्रदीप धाकड़, हरवीर धाकड़,दीपक लोधी,सूरज यादव,प्रिया गोयल, नवल सिंह सोलंकी, संजू नामदेव, प्रमोद शिवहरे, राजकुमार जाटव आदि कार्यकर्ता शामिल रहें।

दतिया सिटी कोतवाली पुलिस को मिली सफलता देसी कट्टा व जिंदा कारतूस सहित एक शातिर आरोपी कोतवाली पुलिस कि गिरफ्त में

संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट

दतिया पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड़ जी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य एवं एसडीओपी दतिया श्री सुमित अग्रवाल के द्वारा थाना कोतवाली निरीक्षक रविन्द्र शर्मा को शातिर बदमाशों पर नजर रखने व लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा आज दिनाँक को भदोरिया की खिड़की चौराहे पर घूम रहे अवैध हथियार लिये आरोपी चंद्रभान उर्फ छोटू पुत्र भगवानदास पाल निवासी भदोरिया की खिड़की दतिया को एक 315 बोर के कट्टे व एक जिंदा राउण्ड सहित गिरफ्तार किया गया ।

आरोपी पर थाना कोतवाली में पूर्व से कई अपराध पंजीबद्ध है ।

आरोपी कि गिरफ्तारी में इनकी रही मुख्य भूमिका

1- निरीक्षक रविंद्र शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली

2-सहायक उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह भदौरिया

3-प्रधान आरक्षक अनुरोध पावन

4-प्रधान आरक्षक शिव गोविंद चौबे

5-आरक्षक रविंद्र यादव

6-आरक्षक गजेंद्र राजावत

7-आरक्षक राहुल

8-सैनिक अखिलेश यादव

दतिया गोदन पुलिस को मिली बड़ी सफलता ग्राम गोदन मे छापा मारकर जुआ के फड से 7800 रुपए एवं एक तास की गड्डी जप्त कर तीन आरोपियों के फिरद्ध कार्रवाई की गई

संदीप प्रधान उप संपादक रिपोर्ट

दतिया पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य तथा श्री कार्डिक श्रीवास्तव एसडीओपी भांडेर के मार्गदर्शन में गोदन थाना पुलिस के द्वारा दिनांक 22/12/21 को ग्राम गोदन मे कुशवाह महौल्ला वाउण्डी के पास रुपयों की हार जीत का जुआ खेल रहे आरोपी सोनू पुत्र कल्याण सिंह यादव उम्र 26 साल ,कॉमेस पुत्र जगदीश कुशवाहा उम्र 22 साल ,राघवेंद्र पुत्र लल्लू यादव उम्र 24 साल निवासी गण ग्राम गोंदन के कब्जे से 7800 रूपय नगद तथा एक तास की गड्डी 52 पत्तों की जप्त कर अपराध क्रमांक 160/21 धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अम्बाह- स्वर्गीय श्रीमती शकुन्तला देवी सेंगर की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनके निवास पर आयोजित अम्बरीष साहित्य सभा के साहित्यकारों का सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्री हनुमान प्रसाद शर्मा एवं संचालन डॉ. शशिवल्लभ शर्मा सहायक प्राध्यापक पी जी कॉलेज अम्बाह द्वारा किया गया।

गोष्ठी का आरंभ करते हुए डॉ शशिवल्लभ शर्मा ने इन पंक्तियों के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए कि..

मेरे अंतर्हृदय की भावना को जान लेती है,
मेरे शब्दों से पहले तू मुझे पहचान लेती है।
ममता वेदना संवेदना की मूर्ति है तू
मेरी मां सब होठों को तू विनय से मान लेती है।।

तदोपरांत डॉ कमल भारद्वाज ने अपनी कविता मैं माँ चंबल का यश गान कुछ इस तरह किया..

चंबल केवल नदी नहीं है
ये रंतिदेव के तप का फल है
कंकर कंकर शंकर इसका
बूंद बूंद गंगा का जल है।

तदोपरांत कवि दिनेश सिंह सेंगर ने अपनी जन्मदात्री स्वर्गीय माँ की स्मृतियों को याद करते हुए उन्हें शब्द सुमन इस तरह अर्पित किए..

माँ माँ हल्दी है कुमकुम है चंदन है
रोली है,
माँ माँ सावन है दिवाली है रंगों की
होली है।
माँ किस्सा है कहानी है प्यार भरी लोरी
है,
माँ थपकीयां देती हुई सपनों में फिर
बोली है।।

इसी क्रम में कवि सहदेव सिंह तोमर, हरिओम शर्मा, रामनिवास उपाध्याय, मनवीर सिंह तोमर नवोदित कवि आकाश एवं रामवीर शर्मा ने काव्य पाठ किया।

तदोपरांत गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे हनुमान प्रसाद शर्मा ने शब्द सुमन अर्पित किए की..

तू ही ब्रह्मा तू ही विष्णु
तू ही हर हर का नाम
लेते ही माँ का नाम
हो जाते हैं सारे काम।

काव्य पाठ के उपरांत आयोजक सेंगर परिवार के प्रमुख श्री मोहर सिंह सेंगर जी ने उपस्थित साहित्यकारों का सम्मान और स्मृति चिन्ह प्रदान किया इस अवसर पर एडवोकेट श्यामवीर सिंह चौहान, शिक्षक अनिल सिंह तोमर, राधेश्याम सिंह तोमर, अनुज प्रताप सिंह, सूरज प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक श्रोता के रूप में उपस्थित थे।

झोलाछाप डॉक्टर ने ली मासूम की जान

दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

मध्यप्रदेश में भले ही झोलाछाप डॉक्टर पर नकेल कसने के लिए सरकार दावा करती रही है लेकिन ऐसे लोग प्रैक्टिस करने से बाज नहीं आ रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग की बरती जा रही लापरवाही की कीमत एक मासूम को फिर जान देकर चुकानी पड़ी।नगर दबोह में 12 साल की बच्ची की मौत का मामला सामने आया है जानकारी के अनुसार दबोह थाना अंतर्गत ग्राम बड़ागांव निवासी जगरूप सिंह कोरी अपनी 12 वर्षीय बच्ची को उपचार के लिए दबोह आया था तभी गलत इंजेक्शन देने से बच्ची की मौत हो गई।इंजेक्शन लगते ही बच्ची का दम घुटने लगा जिससे 05 मिनट के अंदर ही उसकी मौत क्लीनिक में ही हो गई। घटना बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे की है।जानकारी के मुताबिक बुधवार को बड़ा गाँव निवासी जगरूप अपनी पुत्री वर्षा उम्र 12 वर्ष का इलाज कराने दबोह में करधेन रोड पर संचालित कुशवाह मेडिकल स्टोर पर पहुँचा जहाँ झोलाछाप डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लगाया इंजेक्शन लगाते ही उसे

सांस लेने में दिक्कत होने लगी देखते ही देखते उसकी हालत बिगड़ने लगी गंभीर हालत को देखते हुए झोलाछाप डॉक्टर ने परिजनों को किसी दूसरे डॉक्टर के पास ले जाने की सलाह दी। इसके बाद आनन-फानन में परिजन बच्चे को बाहर ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसने दम तोड़ दिया सूचना मिलने पर दबोह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।वहीं अस्पताल परिसर में परिजनों की ओर से झोलाछाप डॉक्टर जिसका नाम पी.एस कुशवाह बताया गया है जो मेडिकल पर खुद को डॉक्टर बताकर मरीजों पर प्रैक्टिस करते है।पूर्व समय मे भी झोलाछाप डॉ कुशवाहा की बजह से कई मासूम मरीजों को जान गवानी पड़ी।

नगर में 95त्न मेडिकल संचालक कर रहे दुकान पर ही उपचार: दरअसल नगर दबोह में ऐसे 95त्न मेडिकल संचालक हैं जो मेडिकल की आड़ में अपना प्राइबेट क्लिनिक संचालित कर लोगो का उपचार करते हैं और लोगो की जान से खिलवाड़ भी करते है।यहां बताना मुनासिब होगा कि पूर्व में नगर में संचालित कई मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा उपचार के दौरान मरीजो की मौत के मामले सामने आये हैं परंतु अब तक इन पर कोई कार्यवाही नही हुई।इससे तो यह स्पष्ट होता है कि मेडिकल संचालको की ऊपरी अधिकारियों से अच्छी खासी सांठ गांठ है जिसकी वजह से इन पर कोई भी अधिकारी कार्यवाही की जहमत नही जुटा पा रहा है।फिलहाल तो यह कहना होगा कि अगर जल्द ही अवैध रूप से मेडिकल संचालित कर रहे संचालको व झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही नही की गई तो वह दिन दूर नही जब नगर में एक महीने में कई लोगो की मौत का आंकड़ा बन जाएगा क्यों कि नगर में अत्यधिक लोग उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की वजह प्राइबेट उपचार लेते हैं।

इनका कहना

1-फोड़ा फुंसी दिखाने आये थे कुशवाह डाक्टर ने दो इंजेक्शन मेरी बच्ची को दिए जिससे मौके पर ही मेरी बच्ची की मौत हो गई।

जगरूप सिंह कोरी
मृतिका के पिता

2-ग्राम बडागाँव निवासी जगरूप सिंह ने थाना आकर सूचना दी कि बुधवार दिनांक 22.12.21 को अपनी बच्ची वर्षा का फोडा फुंसी का ईलाज कराने पूरन सिंह कुशवाह के क्लीनिक सब्जी मंडी दबोह आया था।डॉक्टर कुशवाह के ईलाज कराया तो डॉक्टर साहब ने पहला इन्जेक्सन लगाया जिससे मेरी बच्ची वर्षा को उल्टी होने लगी तथा दूसरा इन्जेक्सन लगाया तो मेरी बच्ची वर्षा खत्म हो गई है मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

रविन्द्र सिंह मांझी
उपनिरीक्षक थाना दबोह

नया साल की शुरुआत मोज मस्ती से न करके प्रभु भक्ति से करे

नया साल की शुरुआत मोज मस्ती से न करके प्रभु भक्ति से करे। इस बार नया साल को कुछ अलग ढग से मनाने का संकल्प ले। नया साल को रात्रि से न मना के सूर्य उदय से मनाए। जो कार्य पिछले साल मे छूट गए है उनको इस साल पूरा करने का संकल्प ले। बीते साल की सब की गलतियों को माफ करे ।और खुद भी क्षमा भाव रखे। 31 दिसंबर को शराब कबाब सबाब से दूरी बना के रखे। जीवन मे आगे बड़ने के लिए टाइम टेबल बनाए। न्यू ईयर पर भगवान का अभिषेक, पूजा पाठ , अनाथ, गरीब , बीमार लोगो की सहायता करे। पशु पक्षीयो की भी सहायता करे। किसी को भी कटु वचन ना बोलने का नियम ले। साधु संतो की बात माने उनकी सेवा सहयोग करे।

नए साल से जुड़ी अनेक मान्यताएं भी प्रचलित हैं। नववर्ष के स्वागत का तरीका जो भी हो लेकिन मन में भावना एक ही रहती है कि आने वाला साल जीवन में खुशियां लेकर आए। भारत में रहने वाले विभिन्न धर्मों के लोग अलग-अलग समय पर नया साल मनाते हैं।

जैन नववर्ष दीपावली से अगले दिन शुरू होता है। मान्यता के अनुसार, भगवान महावीर स्वामी को दीपावली के दिन ही मोक्ष प्राप्ति हुई थी। इसके अगले दिन ही जैन धर्म के अनुयायी नया साल मनाते हैं। इसे वीर निर्वाण संवत कहते हैं। हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। इसे हिंदू नव संवत्सर या नव संवत कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। इसी दिन से विक्रम संवत के नए साल का आरंभ भी होता है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार यह तिथि अप्रैल में आती है। इसे गुड़ी पड़वा, उगादी आदि नामों से भारत के अनेक क्षेत्रों में मनाया जाता है। ईसाई समाज 1 जनवरी को नववर्ष मनाता है। करीब 4000 वर्ष पहले बेबीलोन में नया वर्ष 21 मार्च को मनाया जाता था, जो कि वसंत के आगमन की तिथि भी मानी जाती थी। तब रोम के तानाशाह

जूलियस सीजर ने ईसा पूर्व 45वें वर्ष में जूलियन कैलेंडर की स्थापना की, उस समय विश्व में पहली बार 1 जनवरी को नए वर्ष का उत्सव मनाया गया। तब से आज तक ईसाई धर्म के लोग इसी दिन नया साल मनाते हैं। यह सबसे ज्यादा प्रचलित नववर्ष है। जो दूसरों की निंदा करके, कान भरके, चुगली करके घर परिवार की एकता को खंडित करते हैं। अपने ही परिवार के सदस्यों में मनमुटाव पैदा करते हैं।। वो खुद अपने ही पैरो में कुल्हाड़ी मारने का कार्य करते हैं।। ऐसे लोग ये क्यों भूल जाते हैं।। कि परिवार मालिक का दिया हुआ आशीर्वाद है। परिवार ही है।। जो आपसी सुख दु:ख में काम आएगा, बाहर के नाते काम नही देंगे, मालिक ऐसे लोगों से अप्रसन्न होता है। उन्हें संकेत भी करता है।। कि ऐसा मत करो, अपने कर्मों को नेक रखो परन्तु ऐसे लोग जब नहीं समझते तो मालिक उन्हें दंडित करता है, बोया पेड़ बबूल का तो आम की उम्मीदों पर क्यूँ है। जैसा तेरा कर्म वैसा तेरा कर्म फल इसलिए अगर किसी का भला नही कर सकते तो ना करो पर किसी का बुरा मत करो, बुरा मत सोचो, बुराई से बुराइयाँ ही उपजेंगी न कि अच्छाई।।

सभी को नये साल की बहुत बहुत बधाई शुभकामनाए, जय जिनेन्द्र

सौरभ जैन वरेह वाले मुरैना रोड अंबाह (मुरैना)

बेरोजगार युवक केन्द्रीय विद्यालय में कर सकेंगे व्यवसायिक कोर्स

भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय विद्यालय एटा को बनाया गया है स्किल हब सेंटर

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय ने सूचित किया है कि जनपद के ड्रॉपआउट विद्यालयों व आर्थिक संसाधनों के अभाव के चलते कई प्रकार के रोजगारोन्मुख व्यवसायिक कोर्स न कर पाने वाले बेरोजगार युवकों को अब निराश नहीं होना पड़ेगा। जनपद में स्थित केन्द्रीय विद्यालय को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्किल हब केन्द्र बनाया गया है। जहां ड्रॉपआउट विद्यार्थियों व बेरोजगार मुक्त व्यवसायिक कोर्स करने के बाद रोजगार हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।

मंत्रालय द्वारा देशभर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 500 विद्यालयों को स्किल हब सेंटर बनाया गया है जिसमें एटा जिले का एकमात्र चयनित केन्द्रीय विद्यालय भी है। इस केन्द्र का ड्रॉपआउट बच्चों को लाभ मिलेगा। प्रारंभिक चरण में इलेक्ट्रॉनिक और हार्डवेयर के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक और होम एप्लायंसेंस कोर्स 1 जनवरी 2022 से शुरू किया जा रहा है। इस कोर्स की मान्यता कौशल विकास निगम से होगी। इस कोर्स में 15 से 45 लाभार्थियां का एक बैच बनाया जाएगा। कोर्स के लिए लाभार्थी की उम्र 15 वर्ष से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा कोर्स की अवधि छः माह होगी। लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की फीस नहीं देनी होगी।

उन्होंने बताया कि इस कोर्स की कक्षाएं शाम को लगा करेंगी तथा लाभार्थियों को आधारयुक्त बायोमेट्रिक हाजिरी देनी होगी। कोर्स के लिए कम से कम 75 प्रतिशत हाजिरी अनिवार्य है। परीक्षा के बाद मंत्रालय की ओर से प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिससे लाभार्थी डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर निजी, सरकारी विभाग में आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक छात्र विद्यालय में 22 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक दूरभाष नम्बर 8971237100, 8708757843 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

वन-टू-वन

009

डीएफसी लाईन पर फेंसिंग व अन्य समाधान की मांग

पुष्पांजली टुडे

पाली - मारवाड़ जंक्शन 21 दिसंबर कस्बे की पूर्व संचालित अजमेर रेलवे फाटक के पास बने अंडरब्रिज में से पैदल राहगीरों के लिए किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं होने को लेकर आज भी आमजन अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक से होकर यात्रा कर रहे हैं श्री साई दर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्रसिंह मीणा ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी धीरज कुमार से समस्या के समाधान को लेकर चर्चा की । मीणा ने अधिकारी को बताया कि मारवाड़ जंक्शन कस्बा पूर्व से पश्चिम की ओर रेलवे लाइनों के बीच बसा होने की वजह से किसी भी प्रकार भी प्रकार का आवागमन का सुचारू नहीं होने की वजह से आमजन काफी परेशान है । डीएफसी लाईन पर फैंसी नहीं होने से कई प्रकार की दुर्घटनाएं हो रही है अंडर ब्रिज के पास किसी प्रकार का कोई मिनी रोड ऑवरब्रिज , पैदल भूमिगत मार्ग व फुट ऑवरब्रिज नहीं होने से आवागमन नहीं हो पा रहा है इसी प्रकार मुक्तिधाम से रूप रजत विहार तक रोड ऑवरब्रिज नहीं होने से भी भारी वाहनों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है मुक्तिधाम पुलिया से अजमेरी फाटक गुरुद्वारा जिनेंद्र विहार जामा मस्जिद काजीपुरा होते हुए गुर्जर मोहल्ले तक नालियों के गंदे पानी की निकासी व वर्षा के पानी की निकासी के लिए पक्का नाला नहीं होने से आमजन काफी परेशान हैं। मीणा ने मांग की है कि जल्द ही उक्त समस्याओं का समाधान किया जाए अधिकारी ने बताया कि जल्दी उक्त समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

008

घिसुलाल चोयल ने मंदिर निर्माण के लिए 11 हजार रूपए की राशि सुपुर्द की

कॉग्रेस के षणयंत्र से लगी पिछडा बर्ग आरक्षित सीट पर रोक से नेताओ में रोष ब्याप्त जलाये कॉग्रेस के नेताओ के पुतले...

केशब पंडित जी अम्बाह...??

अम्बाह... आज पिछडावर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष साधूसिह राठौर ने कांग्रेस के षणयंत्र से लगी ओबीसी आरक्षण सीटो पर रोक से आक्रोश ब्याप्त किया है उन्हौने नगर पालिका चौराहे पर कमलनाथ दिग्भिजयसिह व बिबेक तन्खा के पुतले जलाये और कहा भारतीय जनता पार्टी मा. सर्वोच्च न्यायालय और उसके आदेश का सम्मान करती है परन्तु जिस परिस्थिति मे यह आदेश हुआ है उसके बिषय में प्रदेश की जनता को मालूम होना चाहिये कि ओबीसी आरेक्षित पदो पर चुनाब रोका गया है यह राज्य सभा सांसद बिबेका तन्खा की आरेक्षित बर्ग के लिये जानकर चाल चली गई है और फिर बिबेक तन्खा जी का कहना है कि पिछडेवर्ग के आरेक्षण को लेकर हम सर्बोच्च न्यायालय नही गये थे तो भाजपा पूछना चाहती है जिसके दौरान उन्हौने आपत्ति क्यो नही दर्ज कराई तो फिर पिछडा वर्ग आरेक्षित सीटो पर रोक न लगाई जाये अम्बाह पिछडा बर्ग के नेता साधूसिह राठौर ने रोष ब्याप्त करते हुऐ कहा पिछडाबर्ग के सत्तर हजार पद प्रभाबित हुऐ है इसी को लेकर आज उन्हौने अम्बाह नगर पालिका के सामने अपनी पार्टी के साथ तीनो नेताओ के पुतले जलाये इस अबसर पर गजेन्द्र सिह तोमर, कबीन्द्र सिह तोमर, खेमसिह भदौरिया, बच्चूलाल गुप्ता, श्रीमती कंचन चौहन किशोरी गुप्ता उमेशजैन, मण्डल अध्यछ कान्ता शर्मा, खुशीलाल श्रीबास, रामबिलास कुशवाह,एवं अम्बाह भाजपा के सभी कार्यकर्ता मोजूद थे

सफलता पाने के लिये लक्ष्य बनाना अत्यंत आवश्यक है

बदरवास-से हरिओम परिहार की रिपोर्ट

सफलता तभी हासिल होती है जब आप किसी एक लक्ष्य को बनाकर उस पर मेहनत करें और छोटे छोटे लक्ष्यों के द्वा है हम अपने मुख्य लक्ष्य को हासिल कर सकते है जीवन में बिना उद्देश्य के मिली सफलता लंबे समय तक टिकी नही रहती उक्त उद्गार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विधालय में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों ने व्यक्त किये कार्यक्रम में शिक्षक राकेश कुशवाह द्वा योग के जीवन में महत्ता को बताया गया उन्होने बताया कि योग से ही हम अपने शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ्य रख सकते है जो हमे अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में हमारी मदद करता है

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कपिल परिहार द्वा किया गया कार्यक्रम में नीतू श्रीवास्तव ,डॉ.शशीकला राठौर, बसंती मिंज,कल्पना दुबे, लक्ष्पण राठौर ,चंपालाल ओझा, हितेंद्र कुशवाह ,संतोष ओझा सहित सैंकड़ों विधार्थीयों ने सहभागिता की

समय से विद्यालय नहीं पहुंच रही प्रधान अध्यापिका

दो बार खंड शिक्षा अधिकारी कर चुके हैं कार्यवाही

मऊरानीपुर (झाँसी)-नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय नवीन गांधीगंज में प्रधानाध्यापिका का निवास झांसी होने के कारण विद्यालय समय से नही आती है। एक शिक्षामित्र के सहारे विद्यालय के लगभग 150 बच्चे रहते हैं। दो बार खण्डशिक्षा अधिकारी भुबनेन्दू अड्जरिया ने उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया जिसमें दोनों वार प्धानाध्यापिक अनुपस्थिति मिली जिस पर कार्यवाही करते हुए दो बार वेतन रोका गया। लेकिन इसके बावजूद उक्त अध्यापिका पर कोई प्रभाव नही पड़ा। वह हमेशा 10 बजे के बाद ही विद्यालय आती है। गांधीगंज निवासी नंद दुबे ने बताया कि वह विद्यालय के सामने रहते हैं व घर में ही किराना की दुकान किये हैं। वह प्रतिदिन देखते हैं कि उक्त अध्यापिका कभी भी 10 बजे के पहले नही आती है।बच्चों से विद्यालय का काम करवाया जाता हैं। बच्चे शिक्षको को बैठने के लिए कुर्सी इधर उधर रखते रहते हैं। शिक्षक सारे दिन धूप में बैठे रहते हैं। बच्चों को विद्यालय का नाम तक पता नही रहता। कक्षा 5 की छात्रा राशि साहू से विद्यालय का नाम पूछा गया तो छात्रा नाम नही बता सकी।

क्लास में ही चूल्हा सिलेंडर रखकर पकाया खाना,दर्जनों बच्चो की जान से हो रहा खिलवाड़

दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

शिक्षा विभाग अंचल के विद्यालयों की स्तिथि को सुधारने के लिए चाहे कितने भी बड़े बड़े दावे करले परन्तु वास्तविक स्तिथि धरातल पर कुछ और है।स्कूलो में जहां बच्चो के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिये उनके माता पिता बच्चो को स्कूल भेजते हैं तो वहीं विद्यालय में पदस्थ शिक्षक उन्ही की जान के दुश्मन बने हुए हैं।दरअसल मामला भिण्ड जिले के लहार अनुभाग के दबोह क्षेत्र के ग्राम पत्रापुरा गांव का है।जहां पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय पत्रापुरा में शिक्षक ही बच्चो की जान के दुश्मन बन बैठे।बुधवार को जब बच्चो के पढ़ने वाली क्लास में जाकर देखा गया तो पाया कि जिस क्लास में बच्चे पढ़ रहे हैं उसी में चूल्हा व एलपीजी सिलेंडर लगाकर उनके लिए खाना पकाया जा रहा था।जब ग्रामवासियों ने शिक्षिका महोदय से क्लास में ही खाना बनाने का कारण पूछा तो उनका कहना था कि आपको क्या करना हैं कहीं भी खाना बनबायें।शिक्षक के इस तरह के रवैये से साफ जाहिर होता है की शिक्षिका महोदया काफी दबंग हैं।फिलहाल तो इतना कहेंगे कि विद्यालय प्रबंधन की इस लापरवाही की वजह से भविष्य में दर्जनों बच्चे हादसे का शिकार हो सकते हैं।आखिर इसका जिम्मेदार कौन होगा।

इनका कहना

1-विद्यालय की जानकारी भेज दीजिये दिखवाते हैं।

सतीश कुमार एस
कलेक्टर भिण्ड

2-हम भिण्ड ट्रैनिंग में हैं दिखवाते हैं।

शैलेंद्र कुशवाह
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

3-गलती ही गई,कल से दूसरी जगह खाना बनवायेंगे।

रीता देवी
शिक्षिका विद्यालय

4-लगातार कई समय से विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चो की जान से खिलबाड़ किया जा रहा है।भविष्य में कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

राहुल कुमार
शिकायतकर्ता,ग्रामवासी

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, कमलनाथ एवं विजय तनखा ने ओबीसी कल्याण का झूठा दिखावा कर समाज के साथ कर रहे हैं धोखा - रामअवतार , अमृतपाल सिंह बघेल

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाअध्यक्ष अमृतपाल सिंह बघेल एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामअवतार शिवहरे ने कांग्रेसी नेताओं को कांफेंस में घेरा

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी पिछड़ावर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ अभिभाषक अमृतपाल सिंह बघेल एडवोकेट एवं रामअवतार शिवहरे प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामअवतार शिवहरे ने शिवउत्सव वाटिका में पत्रकार वार्ता में चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा में घोषणा की ओबीसी आरक्षण के साथ ही पंचायत चुनाव कराए जाएंगे ।इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि कांग्रेस ओबीसी आरक्षण के माध्यम से समाज को झूठा भ्रमित करने का प्रयास कर रही है ताकि वह भी ओबीसी समाज का वोट बैंक कांग्रेस को मिल सके, समाज अब जागृत हो चुका है और कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति को समझ चुका है।उनके बातों में आने वाला नहीं है, कोर्ट का निर्णय ओबीसी समाज के पक्ष में आएगा। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की और उचित समाज को निर्णय दिलाने के लिए सरकार विधि विशेषज्ञों से राय ले रही है बहुत जल्दी ही समाज के हित में फैसला आएगा द्य

जिलाध्यक्ष बघेल एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शिवहरे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की मध्यप्रदेश पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विचार साझा किया। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने ओबीसी को ह्रश्वश्वज्ञ की परीक्षा में 27त्न आरक्षण दिया जो ऐतिहासिक है। कांग्रेस की सरकार ने 27त्न आरक्षण के लिए कोई सदिच्छा से प्रयास नहीं किया। उन्होंने हाईकोर्ट में इसे इसे गंभीरता से नहीं लिया। महाधिवक्ता की जगह अतिरिक्त अधिवक्ता उपस्थित हुए और कोई तथ्य प्रस्तुत नहीं कर सके।

कांग्रेस की सरकार के अतिरिक्त महाअधिवक्ता ने अतिरिक्त समय मांग लिया, क्या यही कांग्रेस की इच्छा थी? क्या आप चाहते थे कि ओबीसी को आरक्षण न मिले? इससे तो आपकी यही मंशा प्रकट होती है। मैं पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस ने ओबीसी की पीठ में छूरा क्यों भोंका। आपने उसे उसका अधिकार नहीं दिया। आपकी सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी रही, आपने इनके कल्याण के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस हाईकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट भी नहीं गई। कांग्रेस ओबीसी के कल्याण का दिखावा करती रही, जबकि हम प्रतिबद्ध हैं कि इस वर्ग को शासकीय सेवा में भी 27त्न दिया जाए। जिन मामलों में कोर्ट ने स्टे नहीं दिया है, वहां हम ओबीसी को 27त्न का आरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई बात नहीं होती कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली मेधावी बच्चों का भविष्य बर्बाद कर दें और हम चुप रहें, हम उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आयेंगे। राज्य सेवा परीक्षा में संशोधन कर कांग्रेस ने पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के हितों के साथ खिलवाड़ किया, जो बच्चे ज्यादा अंक लाकर आरक्षण की सीमा से बाहर भी चयनित हो सकते थे,उन्हें भी आरक्षण के दायरे में ले लिया,ऐसे हजारों बच्चों का भविष्य बर्बाद कर दिया। हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की व्यवस्था की। पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के अधिकार और अवसर छीनने का काम कांग्रेस ने किया है।

हमने पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए जो योजनाएं शुरू की थी, उसे कमलनाथ की सरकार ने आते ही या तो बंद कर दी या तो उसके प्रावधान कम कर दिये। कक्षा 6 से दसवीं तक के 33 लाख बच्चों के लिए हमने 2017-18 में 138 करोड़ रुपये और इसके बाद अगले साल 217 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। कांग्रेस की सरकार ने आकर इसे 190 करोड़ कर दिया। पीएससी में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के साथ कांग्रेस ने अन्याय किया था, हमने प्रतिभाशाली छात्रों को उनका अधिकार फिर से दे दिया है। उन्हें ज्यादा ज्यादा अवसर दे रहे हैं। हमने पिछड़ा वर्ग के रोजगार के लिए जो प्रावधान किए तो उसे भी कांग्रेस की सरकार ने प्रभावित किया। जो रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए 2017-18 में ?20 करोड़ और इसके बाद 69 करोड़ रुपए का प्रावधान था, इसे कांग्रेस सरकार ने 15 करोड़ कर दिया। पंचायती राज अधिनियम में हमने कोई परिवर्तन नहीं किया है। मध्य प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध हैं कि पंचायत के चुनाव ओबीसी के आरक्षण के साथ ही हों। केंद्र सरकार भी कोर्ट में जा रही है।

3 साल पहले भी सभी दलों ने चुनाव आयोग से की थी इस प्रस्ताव की मांग, फिर क्यों विरोध कर रही है कांग्रेस - रमेश दुबे

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड ।भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार ने सर्व समाज के लोगों के लिए और निष्पक्ष ईमानदारी पराकाष्ठा से चुनाव कराने को लेकर मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने संबंधी चुनाव कानून संशोधन लाने का कार्य किया है, यह स्वागत योग्य है ।इससे चुनाव में पारदर्शिता आएगी और फर्जी मतदान नहीं हो पाएगा और ना ही फर्जी मतदाता बन पाएंगे ? इस फैसले का सभी विरोधी दलों को स्वागत करना चाहिए जबकि 3 साल पूर्व पहले सभी दलों ने चुनाव आयोग से किसी प्रस्ताव के लिए मांग की थी फिर कांग्रेस और अन्य विरोधी दल लोकसभा सदन में इस प्रस्ताव का विरोध क्यों कर रहे हैं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा उनका यह बिल देशहित में है और 2018 में सर्वदलीय बैठक में मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने संबंधी कानून का प्रस्ताव रखा गया था फिर भी कांग्रेस अपनी इस मांग से पीछे क्यों हट रही है? और लोकसभा सदन में कांग्रेस ने इस प्रकार का रवैया अपनाकर प्रदेश के 130 करोड़ मतदाताओं के प्रति विश्वासघात करने का कार्य किया ? कांग्रेस की नीति हमेशा देश विरोधी होकर फर्जी मतदान कराने एवं लोगों से झूठ बोलने की रही है, आपने ही उसको प्रस्ताव रखा आप ही लोकसभा सदन में विरोध करने के लिए खड़े हो गए यह कहां की नैतिकता है? उन्होंने कहा कि देश में 90 करो से अधिक मतदाता हैं और उनको निष्पक्ष और ईमानदारी से चुनाव कराने का अधिकार का कानून लोकसभा सदन में आया है तो इसमें कांग्रेस को आपत्ति क्या है भाजपा नेता दुबे ने कहा की प्रधानमंत्री जो भी राष्ट्र हित में निर्णय लेते हैं तो कांग्रेस उसका विरोध करती है चाहे मुस्लिम महिलाओं के तीन तलाक हो, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो या फिर कश्मीर से धारा 370-35 को हटाने का हो और कांग्रेस इस प्रस्ताव का इसलिए विरोध कर रही है कि वह चुनाव में किसी भी प्रकार के फर्जी मतदान नहीं करा पाएगी और ना ही फर्जी लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

अतिक्रमण को लेकर शिन्दे की छावनी में चलाया अभियान

पुल से लेकर शिन्दे की छावनी, रामदास घाटी तक दुकानदारों के दुकानो के बाहर सड़क पर रखे सामान एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया एवं उक्त मुख्य मार्ग पर खड़े हाथ ठेले जो यातायात में बाधक थे उन्हें रामदास घाटी तक हैकर्स जोन मे भिजवाया गया। उक्त कार्यवाही मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री नरेश अरोटिया, सी.एस.पी श्री नागेंद्र सिंह, थाना प्रभारी श्री अमर सिंह सिकरवार, मदाखलत अधिकारी श्री सतेन्द्र भदौरिया सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी एव निगम प्रशासन के अधिकारीगण सहित मदाखलत दल (दक्षिण) एवं ग्वालियर विधानसभा का दल उपस्थित रहा।

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के नागरिकों को सुगम यातायात एवं सुचारु यातायात के लिए निरंतर अभियान चलाकर सडक पर रखे अतिक्रमण को हटाया जाता है तथा सडक पर खडे ठेले वालों को हाकर्सजोन भेजने की कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद भी दुकानदारों एवं ठेले वालों द्वारा पुनः अतिक्रमण कर यातायात बाधक किया जा रहा है जिसको लेकर आज बुधवार को शिन्दे की छावनी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर यातायात को सुगम कराया गया।

नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत छपरवाला

पुण्य सबल हो तो सुख मिलता है, पुण्य कमजोर हो तो दुःखः मुनिश्री

मुनिश्री के प्रवचन नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में चल रहे है

ग्वालियर। आत्मा का सुख ही स्वाधीन सुख है। इसके अलावा संसार में सब सुध पराधीन हैं। आत्मा के स्वयं के पुरुषार्थ से आत्मा का सुख मिलता है और संसार के सुख पुण्य से मिलते हैं। जब तक पुण्य सबल होता है, तब तक वह व्यक्ति को सुख-सुविधाएं देता है। जैसे ही पुण्य कमजोर होता है, वैसे ही व्यक्ति को दुःख मिलना शुरू हो जाते हैं। यह विचार राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज बुधवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाल में धर्मसाभ को संबोधित करते हुए कही। मंच पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे।

मुनिश्री ने कहा की ज्ञानी महापुरुष कहते हैं आत्मा के सुख को पाने के लिए पुरुषार्थ करें। वही सुख अनंत सुखमय है, स्वाधीन है, शाश्वत है। जिसे पाने के बाद वो आपको छोड़कर नहीं जाए। जो एक बार मिल जाए और हमेशा आपके साथ रहे, वो आध्यात्मिक सुख है। जो कभी भी चला जाए, वो भौतिक सुख है। भगवान महावीर ने आत्मा के सच्चे सुख को पाने के लिए भौतिक सुखों का त्याग किया। हम भगवान के अनुयायी हैं और हमें भी उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। आज नाश्वत सुख-संपत्ति के लिए सभी दौड़ रहे हैं, यह केवल अज्ञानता को दर्शाता है। इस मौके पर अभूतपूर्व बर्षयोग समिति के विनय कासलीवाल, पंकज बाकलीवाल, अनिल जैन, अजय जैन, विजय जैन, प्रकाश चंद जैन, राजीव जैन, विहर्ष युवा मंडल, आदि मौजूद थे।जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के प्रातः 09 बजे से प्रतिदिन मंगल प्रवचन नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में होंगे।

तीन गुरु विशेष पुण्य के उदय से मिलते हैं

मुनिश्री ने कहा कि गुरु पांच प्रकार के होते हैं- जन्म देने वाले, शिक्षा देने वाले, संस्कार देने वाले, दीक्षा देने वाले, समाधि मरण कराने वाले। जन्म देने वाले और शिक्षा देने वाले दो गुरु तो सभी को मिल जाते हैं। मगर तीन गुरु विशेष पुण्य के उदय से ही प्राप्त होते हैं। गुरु के चरण कमल पकड़ने के बाद मन में गरुर नहीं होना चाहिए। मोबाइल फोन की स्पीड बड़ाने के लिए हम बीच-बीच में उसे रिफ्रेश कर लेते हैं तो जिंदगी को भी कभी सदूरु के आशीर्वाद और पुण्य से रिफ्रेश कर लेना चाहिए। कहीं उसमें कर्मों का वायरस आत्मा को नष्ट नहीं कर दे।

मुरार में श्रीमद भागवत कथा में भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया

सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया, राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं - महाराज महंत

ग्वालियर। सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं, पर परमात्मा ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था। जिसे देखने वाले अचंभित रह गए थे। आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। यदि मनुष्य यह सोचता है कि पाप करने के बाद थोड़ा सा पुण्य करने से पाप मिट जाएगा या भगवान उसे माफ कर देंगे तो यह उसकी गलतफहमी है। कभी भी पाप और पुण्य का दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। अतः हर मनुष्य को हर पल सद्कर्म ही करना चाहिए। साथ ही भगवान के नाम का स्मरण करते रहना चाहिए। यह विचार कथा वाचक राष्ट्रसंत महंत कृष्ण बिहारी दास महाराज ने परीक्षित अशोक रंजनी गुप्ता परिवार की ओर से भागवत कथा में आज बुधवार सातवें दिन श्री कृष्ण व सुदामा मित्रता का प्रसंग, व्यास पूजन एवं श्रीमद भागवत कथा समापन में मुरार स्थित मदनमोहन मंदिर प्रांगण में संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

महाराज महंतजी ने आगे कहा कि कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धाम, बतावत आपन नाम सुदामा, सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे।

सुदामा कृष्ण मिलन में श्रोताओं में पुष्प बरसाए, हुआ व्यास पूजन

श्री कृष्ण सुदामा के इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की। इसके बाद श्री सुदामा व व्यास पूजन यजमान रिटायर तासीदार अशोक गुप्ता, रंजनी गुप्ता, कैलाशचंद्र गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अंनत गुप्ता व मयंक गुप्ता परिवार ने की।

कला जीवन का अटूट हिस्सा, वह न रही तो जीवन दूभर हो जाएगा

15 दिवसीय कला समारोह के प्रथम चरण के तहत अरोरा दम्पत्ति की युगल प्रदर्शनी का समापन

गुरुवार से दूसरे चरण के तहत समूह प्रदर्शनी का होगा शुभारम्भ

ग्वालियर। रंग-शिल्प वरिष्ठ कला विज्ञ समिति एवं ग्वालियर स्मार्ट सिटी के संयुक्त तत्वावधान में पंद्रह दिवसीय 'कला समारोह' का बुधवार को रीजनल आर्ट क्राफ्ट सेन्टर, बैजाताल में पहले चरण में लगाई गई मूर्ति और पेंटिंग की युगल प्रदर्शनी का समापन हो गया। इसमें जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त संचालक श्री सुभाष अरोरा के मूर्ति शिल्प और स्कल्पचर तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजबाला अरोरा की पेंटिंग का प्रदर्शन किया गया था।

इसका समापन करते हुए मुख्य अतिथि आईटीएम यूनिवर्सिटी के को चांसलर श्री दौलत सिंह ने कहाकि दुनिया मे तेजी से बदलाव हो रहा है इसमें आपाधापी बढ़ी है जिससे कला पक्ष कमजोर हो रहा है। इसके संरक्षण की वर्तमान काल मे और भी महती जरूरत है क्योंकि संत्रास और प्रतियोगिता के दौर में कला का सहारा न रहा तो दुनियाँ नीरस और बोझिल हो जाएगी जो भयाभय होगा। उन्होंने अरोरा दंपत्ति के कला पक्ष की प्रशंसा भी की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक श्री जीएस मौर्य ने कहाकि कला ही लोगो को जीवंत रखती है और उन्हें इनोवेशन के लिए प्रेरित करती है। यह एक तरह से इतिहास भी होती है और भविष्य की संकेतक भी । खुशी की बात है कि कैरियर के लिए आपाधापी के दौर में भी युवा से लेकर बुजुर्ग पीढ़ी तक कला सृजन में सक्रिय है।

ग्वालियर स्मार्ट सिटी और रंगशिल्प वरिष्ठ कला विज्ञ समिति के तत्वाधान में चल रहे इस आयोजन में युगल प्रदर्शनी 19 दिसंबर से प्रारंभ हुई थी जो 22 दिसम्बर तक रही । इसमें राजबाला अरोरा जी के मार्मिक और समाज के अलग - अलग रूप और प्रकृति और प्रदूषण की भयाभयता दर्शाते चित्र भी थे वही सुभाष अरोरा ने वनवासी जीवन और उनकी धार्मिक आस्थाओं और जीव प्रेम से लेकर समाज के बदलावों को अपनी गढ़ी गई मूर्तियों में शामिल किया।

इस आयोजन के तहत दूसरे चरण में 23 दिसम्बर से समूह प्रदर्शनी लगेगी जिसमे 25 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। दूसरे चरण की इस प्रदर्शनी का उदघाटन सायं 4 बजे निगमायुक्त श्री किशोर कान्याल के मुख्य आतिथ्य में होगा।

तानसेन समारोह-2021

स्थानीय समिति की बैठक 23 को

ग्वालियर। तानसेन समारोह की स्थानीय आयोजन समिति की बैठक 23 दिसम्बर को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक प्रातः 11 बजे संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की अध्यक्षता में मोतीमहल स्थित मानसभागार में आयोजित होगी। समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने के लिये आग्रह किया गया है।

स्वदेशी जागरण मंच की तीन दिवसीय राष्ट्रीय सभा ग्वालियर में 24 से

ग्वालियर। स्वदेशी जागरण मंच की तीन दिवसीय 15 वीं राष्ट्रीय सभा का आयोजन ग्वालियर के एलएनआईपीई परिसर में 24 दिसंबर से होगा। इस राष्ट्रीय सभा के शुभारंभ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह भगईया जी, जोहो कारपोरेशन विश्व की प्रमुख आईटी कंपनी के सीईओ पदमश्री श्रीधर वैंबू , पंजाब केसरी ग्रुप प्रमुख श्रीमती किरण चोपडा तथा को वैक्सीन का निर्माण करने वाली भारत बायोटेक के प्रमुख डॉ. कृष्णा इल्ला जी मौजूद रहेंगे।

उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये स्वदेशी जागरण मंच के मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरीलाल, सह संगठक सतीश कुमार ने बताया कि इस 15 वीं राष्ट्रीय सभा में देश भर के 748 जिलों से लगभग 800 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस सभा में स्वदेशी को लेकर लगभग पांच प्रस्ताव भी पारित किये जायेंगे। उन प्रस्तावों पर चिंतन के बाद अनुमोदन कर देश और राज्य की सरकारों को लागू करने भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि सभा के दूसरे दिन 25 दिसंबर को फूलबाग चौराहे से एलएनआईपीई तक एक स्वदेशी संदेश यात्रा भी निकाली जायेगी। इसमें अलग अलग प्रांत के लोग अपनी वेशभूषा में स्वदेशी बैनरों के साथ शामिल होंगे। वहीं स्वदेशी संदेश यात्रा का समापन स्वदेशी शंखनाद सभा के रूप में होगा। स्वदेशी शंखनाद सभा में ग्वालियर के सांसद विवेक शेजवलकर, भिंड-दतिया की सांसद श्रीमती संध्या राय मौजूद रहेंगी। सभा का समापन समारोह 26 दिसंबर को होगा इसमें केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया , मप्र के सिंचाई मंत्री एवं ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट, कृषि मंत्री कमल पटेल, उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय सभा में स्वदेशी जागरण मंच के मदुरई तमिलनाडू से राष्ट्रीय संयोजक आर सुंदरम , उदयपुर राजस्थान से राष्ट्रीय सहसंयोजक भगवती प्रकाश जी, दिल्ली से अश्विन महाजन , बिहार से अरूण ओझा, नागपुर से अजय पतकी, कोलकता से धनपतराम अग्रवाल, सहित मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरीलाल , राष्ट्रीय कार्यसमिति , प्रांत क्षेत्र एवं विभागों के दायित्ववान पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे।

पत्रकार वार्ता में मध्यभारत प्रांत के संयोजक श्रीकांत बुधोलिया, राष्ट्रीय सभा के प्रबंधन प्रमुख आरपी माहेश्वरी, संदेश यात्रा एवं शंखनाद सभा प्रमुख एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य साकेत राठौड , मध्यभारत प्रांत के प्रचार प्रमुख संजीव गोयल आदि मौजूद थे।

आज भारत देश मोदी के नेतृत्व में विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा है: चौधरी

(भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग का दूसरा दिन)

ग्वालियर। कांग्रेस ने भारत के इतिहास को योजनाबद्ध तरीके से विलुप्त करने का कार्य किया, कांग्रेस कहती है हमने देश को आजाद कराया जो बिल्कुल गलत है। कांग्रेस ने ही देश का बंटवारा कराया। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा है। आज भारत विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है। इसका प्रमाण है विश्व में अनेक देशों को भारत में निर्मित वैक्सीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दी। पूरा विश्व आज भारत की ओर देख रहा है। जब भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की तो पूरा विश्व भारत के साथ खड़ा था। जब से भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी बने हैं पूरे विश्व में भारतीयों का सम्मान बढ़ा है। यह सब द्र इ%छाशक्ति से संभव हुआ है। चाहे धारा 370 हो, तीन तलाक हो, चाहे राम मंदिर का निर्माण हो, इसकी आधारशिला भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने रखी है। भारतीय जनता पार्टी सांस्तिक राष्ट्रवाद से चलने वाली पार्टी है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रवक्ता है। उक्त बात प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन चौथे सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मुकेश चौधरी ने भारत वैश्विक परिदृश्य विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस सत्र में परिचय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री जय सिंह कुशवाह जी ने दिया। भारतीय जनता पार्टी का विचार सर्वोपरि है, राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए दृढ संकल्पित हैं, हमारा विचार सांस्कृतिक और प्राचीन परंपरा का विचार है जो इस राष्ट्र के कण-कण में बसा है भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करती है। व्यक्ति के आचार विचार बदल सकते हैं, लेकिन हमारे संगठन का मूल विचार कभी नहीं बदलता। हम सब एकात्म मानव दर्शन को लेकर कार्य करते हैं। उक्त बात बुधवार को मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री विक्रम बुंदेला ने भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन के पहले सत्र में हमारा विचार परिवार के विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर परिचय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अशोक शर्मा ने दिया।

हम राष्ट्र की सेवा के लिए कार्य करते हैं-संजर

ग्वालियर। भारत के इतिहास में ही विचार का दर्शन है, हमारा मूल मंत्र चरेवेति चरेवेति के साथ निरंतर पथ पर चलते रहना हैं। हम अपने स्वार्थ के लिए राजनीति नहीं करते, हम राष्ट्र की सेवा के लिए कार्य करते हैं। आज सबसे महत्वपूर्ण चरण देश के इतिहास में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बड़ा परिवर्तन हुआ है। जो राष्ट्र को मजबूत करने के लिए अविस्मरणीय है। उक्त बात प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद श्री आलेक संजर जी ने भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478